केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्

वार्षिक प्रतिवेदन 1998–99
(भाग–1)

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्
पुस्तकालय
परिग्रहण संख्या 6499
तारीख 14-8-2001
नई दिल्ली

भारतीय चिकित्सा पद्धतियाँ एवं होम्योपैथी विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

विषय सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्रमुख आकर्षण	1
बैठकें	
कार्यकारिणी समिति	4
स्थाई वित्तीय समिति	4
वैज्ञानिक सलाहकार समिति	4
के.हो.अ.प. पुर्नगठन समिति	4
साहित्यिक अनुसंधान समिति	4
प्रशिक्षण कार्यक्रम	5
कार्यशाला/सेमिनार	5
प्रदर्शनियाँ	7
विदेशी/भारतीय प्रतिनिधियों का दौरा	8
प्रशासनिक	9
संगठन	9
शासी निकाय	10
कार्यकारिणी समिति	11
स्थाई वित्तीय समिति	11
वैज्ञानिक सलाहकार समिति	12
साहित्यिक अनुसंधान उप–समिति	12
संगठनात्मक उप–समिति	13
संगठनात्मक नेटवर्क	13
बजट प्रावधान	14
परिषद् में अनुसूचित जाति/जनजाति का प्रतिनिधित्व	14
बहिरंग रोगी की संख्या	15
चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम	16
एमिबाएसिस	
सामान्य क्षेत्र में	17
आदिवासी क्षेत्र में	18
संधि शोथ	
आदिवासी क्षेत्र में	19
व्यवहार जन्य विकृतियाँ	
सामान्य क्षेत्र में	19
मानसिक विकलांगता	
सामान्य क्षेत्र में	21
श्वसनी दमा	
सामान्य क्षेत्र में	21
आदिवासी क्षेत्र में	23
श्वसनी शोथ	
आदिवासी क्षेत्र में	23
ग्रीवा अस्थि संधि शोथ	
सामान्य क्षेत्र में	24

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ
- सामान्य क्षेत्र में 24
- आदिवासी क्षेत्र में 26

मधुमेह
- सामान्य क्षेत्र में 26
- आदिवासी क्षेत्र में 27

शिशु दस्त रोग
- सामान्य क्षेत्र में 27

पेविश
- सामान्य क्षेत्र में 28
- आदिवासी क्षेत्र में 28

अपस्मार (मिरगी रोग)
- सामान्य क्षेत्र में 29

फाईलेरिया
- सामान्य क्षेत्र में 30
- आदिवासी क्षेत्र में 31

पित्तीय पथरी
- सामान्य क्षेत्र में 32

आमाश्य शोथ
- सामान्य क्षेत्र में 32

जठरांत्र शोथ
- आदिवासी क्षेत्र में 33

जियार्डिया रूग्णता
- सामान्य क्षेत्र में 33

कृमिरूग्णता
- सामान्य क्षेत्र में 34
- आदिवासी क्षेत्र में 35

जिगरशोथ (बी0)
- सामान्य क्षेत्र में 35

एच.आई.वी. संक्रमण
- सामान्य क्षेत्र में 36

अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया
- सामान्य क्षेत्र में 39

उच्च रक्त चाप
- सामान्य क्षेत्र में 39

सविरामी ज्वर
- सामान्य क्षेत्र में 40

उत्तेजनीय आँत संलक्षण
- सामान्य क्षेत्र में 41

लौह की कमी से अनीमिया
- सामान्य क्षेत्र में 42

जापानी इन्सेफलाइटिस
- सामान्य क्षेत्र में 42

मलेरिया
- सामान्य क्षेत्र में 43
- आदिवासी क्षेत्र में 43

भ्रूणकाय की विकृत स्थिति
- सामान्य क्षेत्र में 44

अतिरज स्त्राव
- सामान्य क्षेत्र में 45

माइक्रोफाइलेरेमिया
- सामान्य क्षेत्र में 45

अस्थि संधि शोथ
- सामान्य क्षेत्र में 46
- आदिवासी क्षेत्र में 47

पैप्टिक अल्सर
- आदिवासी क्षेत्र में 48

प्रोस्टेट ग्रंथि में वृद्धि
- सामान्य क्षेत्र में 48

गुर्दा पथरी
- सामान्य क्षेत्र में 49

आमवातिक संधि शोथ
- सामान्य क्षेत्र में 49

नासाशोथ
- आदिवासी क्षेत्र में 49

सिक्कल सैल अनीमिया
- सामान्य क्षेत्र में 50

साइनुसाइटिस
- सामान्य क्षेत्र में 51

त्वचा रोग
- सामान्य क्षेत्र में 52
- आदिवासी क्षेत्र में 52

तुण्डिका शोथ
- सामान्य क्षेत्र में 53
- आदिवासी क्षेत्र में 53

विटिलिगो
- सामान्य क्षेत्र में 54
- आदिवासी क्षेत्र में 54

महामारियों के दौरान चिकित्सा अनुसंधान 55

चिकित्सा सत्यापन अनुसंधान 57

औषध प्रमाणन 89

औषध अनुसंधान 91

साहित्यिक अनुसंधान 96

प्रलेखन एवं पुस्तकालय 97

प्रकाशन 99

संपन्न परियोजनाएँ 100

भावी योजनाएँ 100

स्वीकृति पत्र 101

संस्थानों एवं इकाईयों की सूची 102

प्रमुख आकर्षण

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अधीन एक स्वायत्त निकाय के रूप में 30 मार्च 1978 को हुई । होम्योपैथी में वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान के सूत्रीकरण, समायोजन, विकास एवं प्रोत्साहन के लिए यह भारत की एक शीर्ष संस्था है । इस का पूरा व्यय भारत सरकार वहन करती है । आज यह परिषद्, होम्योपैथी में संगठित–अनुसंधान में कार्यरत एक शीर्ष संगठन है ।

यह परिषद् देश के विभिन्न भागों में स्थित 51 संस्थानों एवं इकाइयों के तंत्र के माध्यम से अपने लक्ष्यों एवं कार्यों को पूरा करती है । ये संस्थान तथा इकाइयाँ होम्योपैथी के विभिन्न पहलूओं पर अनुसंधान कर रही है । सामान्य रूप से इनका वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है:

(क) चिकित्सा अनुसंधान
(ख) औषध प्रमाणन अनुसंधान
(ग) चिकित्सा सत्यापन अनुसंधान
(घ) औषध मानकीकरण एवं औषध अनुसंधान
(ड.) औषधीय पौधों का सर्वेक्षण, संग्रह एवं कृषि तथा
(च) साहित्यिक अनुसंधान ।

विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के अंतर्गत इस वर्ष किए गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण आगे दिया गया है ।

परिषद् अपने संस्थानों तथा इकाइयों के बहिरंग एवं अंतरंग रोगी विभाग के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान कर रहा है । इस वित्तीय वर्ष के दौरान 6, 87, 078 रोगीयों की चिकित्सा की गई । इसमें नए तथा पुराने (सामान्य एवं अनुसंधान वाले), दोनों ही प्रकार के रोगी शामिल हैं ।

चिकित्सा अनुसंधान

देश भर में फैले 6 अनुसंधान संस्थानों एवं 13 इकाईयों में, रोगों से संबंधित 27 तथा औषध से संबंधित 14 परियोजनाओं पर चिकित्सा अनुसंधान अध्ययन चल रहा है । उन्हीं रोगों का अध्ययन किया जा रहा है जो भारतीय जनता में सामान्य है तथा जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जैसे फाइलेरिया, मलेरिया तथा एच.आई.वी./एड्स ।

अमीबारूग्णता पर औषध चिकित्सा अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत पाया गया कि लाभान्वित रोगियों में से लगभग 67% रोगियों को भारतीय मूल की औषधियों ईगल फोलिया, एटिस्टा इंडिका, साएनोडोन डैक्टाइलोन एवं होलेर्हिना एंटीडायसैंटेरिका जैसी औषधियों से फायदा पहुँचा । अमीबा रूग्णता के वास्तविक एवं अवास्तविक लक्षणों को कम करने में भी ये औषधियाँ प्रभावी ढंग से सहायक रही हैं ।

होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, पुरी द्वारा बेलडाल ग्राम में ड्रोसेरा की विभिन्न क्षमताओं के साथ माइक्रोफाइलेरिया पर किया जा रहा अंतर्जीव परीक्षण अब पूरा हो गया है । यह परीक्षण ड्रोसेरा की 200, 1 एम., 10 एम. एवं 50 एम. क्षमताओं के साथ किया गया था । निष्कर्ष यह निकला कि हालांकि ड्रोसेरा ने कुछ हद तक माइक्रोफाइलेरिया को परिसरीय रक्त से कम कर पायी परन्तु माइक्रोफाइलेरिया की गणना को इतना कम नहीं कर सकी कि रोग को फैलने से रोका जा सके ।

श्वसनी–दमा पर अनुसंधान कार्य चल रहा है । इस अनुसंधान में, मौसम बदलने के समय बदतर हो जाने वाले दमा रोगियों तथा ऐलोपैथिक दवाओं पर निर्भरता कम कर सकने वाली होम्योपैथिक औषधियों की खोज पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इस वर्ष आर्सनिक एल्बम (गर्म से ठंडे मौसम का बदलाव), काली कार्बोनिकम (मौसम में अचानक परिवर्तन), तथा हिपर सल्फयूरिस कल्केरियम (ठंडे मौसम में अनाच्छादित) ज्यादा प्रभावी पाए गए । ऐलोपैथिक एवं अन्य दवाओं पर निर्भरता कम करने में एमोनियम कार्बोनिकम, आर्सनिक एल्बम, एंटीमोनियम टार्टेरिकम, काली कार्बोनिकम, काली म्यूरियाटिकम, सेम्बुकस निग्रा, फास्फोरस, पल्सैटिला,

लैकेसिस, हिपर सल्फ्यूरिस तथा सल्फर ज्यादा प्रभावकारी रही । देखा गया कि उपचार से पहले ऐलोपैथी (कफ, श्वसनी विस्तारक, स्टेरॉइड आदि) पर निर्भर 96 रोगियों में से 61 रोगियों ने पूर्ण रूप से ऐलोपैथी को छोड़ दिया और 11 रोगियों ने ऐलोपैथिक दवाओं की मात्रा कम कर दी । यह परियोजना अभी जारी है ।

जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सा अनुधांन

सर्वेक्षण में देश के विभिन्न जनजातीय हिस्सों में फैले जिन 19 सर्वाधिक व्याप्त सामान्य रोगों की पहचान की गई थी, उन पर इस साल भी चिकित्सा अनुसंधान जारी रहा । इन रोगों में जो होम्योपैथिक दवाइयाँ दी जा रही हैं, उनमें से ज्यादातर दवाइयाँ आंशिक रूप से प्रमाणित हैं या चिकित्सीय कार्य प्रणाली में कभी–कभी ही प्रयोग की जाती हैं । किन्तु कहा जाता है कि ये औषधियाँ परंपरागत् हैं या आनुभविक प्रयोग की है एवं कुछ विशेष रोगों में शारीरिक अंग (अंगों) से उनका एक विशेष संबंध है । इनमें से कुछ औषधियों के विश्वसनीय लक्षणों की पहचान हो गई है किन्तु इनके लिए अभी अतिरिक्त चिकित्सीय पुष्टि की आवश्यकता है ।

औषध प्रमाणन

औषध परीक्षण या होम्योपैथिक रोगजनक परीक्षण (एच.पी.टी.) परिषद् का सबसे महत्वपूर्ण क्रियाकलाप है । परिषद् ने होम्योपैथिक रोगजनक परीक्षणों के लिए डबल ब्लाइंड तकनीक की मूलप्रति और एक योजना विकसित की है जिसे विश्वस्तर पर भी स्वीकार किया गया है । होम्योपैथिक रोगजनक परीक्षणों से लक्षणों के निश्कर्षण की प्रक्रिया का भी मानकीकरण कर दिया गया है । इस प्रयोगविधि की सफलता का मूल्यांकन रोगजनन परीक्षण के चिकित्सा सत्यापन अध्ययनों से किया जा सकता है, जहाँ बहुत सारे लक्षणों को, जिन पर औषध पत्र आधारित होते हैं, बार–बार जाँचा जा रहा है । परिषद् ने स्वदेशी मूल की औषधियों के परीक्षण पर बल दिया है । जिन औषधियों का परिषद् के कार्यक्रम के अंतर्गत आंशिक रूप से ही परीक्षण हो सका था, उनके परीक्षण पर भी बल दिया गया है । अब तक 51 ऐसी औषधियाँ प्रमाणित हो चुकी हैं । इस वर्ष 5 कोडिड औषधियों का परीक्षण पूरा किया गया जिनको रोगजनन परीक्षण के संकलन के बाद अनकोड किया जाएगा ।

चिकित्सा सत्यापन

67 औषधियों के लाक्षणिकी की जाँच चिकित्सीय रूप से हो रही है । जाँच का उद्देश्य इन औषधियों का सबसे विश्वसनीय लक्षणों को जानना है तथा इनकी प्रभावकारी क्षमता का पता लगाना है । उन्हीं औषधियों का अध्ययन किया जा रहा है जो या तो के.हो.अ.प. द्वारा अपने औषध परीक्षण केंद्रों पर प्रमाणित किए जा चुकें हैं या आंशिक रूप से प्रमाणित हैं । इनमें से अधिकांश स्वदेशी मूल की हैं । इन औषधियों के चिकित्सीय रूप से सत्यापित आँकड़े के.हो.अ.प. त्रैमासिक बुलेटिन/के.हो.अ.प. समाचार के प्रकाशन द्वारा या होम्योपैथिक सम्मेलनों, सेमिनारों या कार्यशालाओं के माध्यम से समय–समय पर प्रस्तुत किए जाते हैं ताकि पेशे में इनका उपयोग किया जा सके । विशिष्ट चिकित्सा अवस्था पर ऐसा ही आँकड़ा त्रैमासिक बुलेटिन के खंड 20(3 एवं 4)1998 अंक में प्रकाशित किया गया है ।

औषध अनुसंधान

(क) औषध मानकीकरण : होम्योपैथी में औषधियों की प्रभावकारिता, तैयार की गई औषधि की शुद्धता और एकसमानता पर उतना ही निर्भर है जितना कि मामले की जाँच कुशलता से करने एवं प्रभावी सूचीपत्र बनाने पर है । उत्कृष्ट औषधियाँ बनाने के लिए अपरिष्कृत औषधियों एवं परिष्कृत उत्पादों के मानक का सूत्रीकरण आवश्यक है । औषधियों की विभिन्न गुणात्मक विशेषताओं के अध्ययन के लिए भेषज–अभिज्ञान को ध्यान में रखते हुए एक बहु आयामी प्रयासों भौतिक–रसायनिक एवं भेषजगुण विज्ञान संबंधी अनुपात की आवश्यकता है । इस वर्ष 5 औषधियों के भेषज–अभिज्ञान मानक, 5 औषधियों के भौतिक–रसायनिक मानक तथा 4 औषधियों के भेषजगुण विज्ञान मानक निर्धारित किए गए ।

(ख) औषध पादपों का संग्रह, सर्वेक्षण एवं कृषि होम्योपैथी में प्रयोग की जाने वाली अधिकांश औषधियाँ (लगभग 70%) वनस्पति मूल की हैं । इसलिए संदर्भ और मानकीकरण अध्ययन के लिए औषध पादपों की पहचान और उनका संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है । उधागमंडलम (ऊटी), तमिलनाडु में स्थित इकाई, सर्वेक्षण करने के पश्चात् औषध पादपों की पहचान एवं उनका संग्रह करके उनके अपरिष्कृत नमूने मानकीकरण अध्ययन करने वाले संस्थानों/इकाइयों को भेजती है । इस वर्ष इस इकाई ने ऊटी, नीलगिरि पहाड़ियों

के आसपास के क्षेत्रों से पादपों के नमूने का संग्रह किया तथा 364 नमूनों की पहचान की तथा मानकीकरण अध्ययन के लिए 15 अपरिष्कृत औषध पादप सामग्रियाँ भेजी । इसके अतिरिक्त, प्रयोग के लिए तथा होम्योपैथी में प्रयोग होने वाले विशेष रूप से विदेशी औषध–पादपों के लघु स्तर पर कृषि के लिए भी 12.7 एकड़ भूमि पर एक औषधीय पादप उद्यान विकसित किया जा रहा है । यह भूमि तमिलनाडु सरकार से पट्टे पर ली गई है । 2.75 एकड़ भूमि पर सिनेरेरिया मेरिटिमा के कुल 10,000 पौधों का पोषण किया जा रहा है । प्रदर्षन–भूखंड पर उपजाए गए 12 पौधों के बीजद्रव्य के संग्रह की भी देखभाल की जा रही है तथा बृहत् स्तर पर उनकी कृषि के लिए उनके निष्पादन का अध्ययन किया जा रहा है ।

साहित्यिक अनुसंधान

परिषद् के द्वारा संचालित साहित्यिक अनुसंधान कार्यक्रम कैण्ट रेपर्टरी का अभिवर्द्धन है । यह "कैण्ट (कुंजलि) रेपर्टरी का पुनर्विलोकन तथा अभिवर्द्धन– अन्य कार्यों के संबंध में बोरिक रेपर्टरी से कैण्ट रेपर्टरी में अभिवर्द्धन" नामक परियोजना के अंतर्गत है । अब तक पंद्रह अध्यायों का संशोधन किया जा चुका है । "श्वासनली" एवं "चेहरा" अध्यायों पर किए गए कार्य का प्रकाशन हो चुका है । के.हो.अ.प. की साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति ने इस कार्य की समीक्षा की थी एवं इसे अनुमोदित किया था । वृत्ति, तंत्रिका प्रणाली एवं उदर अध्यायों पर ऐसा ही कार्य जारी है ।

विविध

10 अगस्त 1998 को नई दिल्ली में के.हो.अ.प. द्वारा "मधुमेह और उसका होम्योपैथिक उपचार" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर श्रीमति शांता शास्त्री, भा.चि.प. एवं हो. विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ने "श्वास नली" नामक अध्याय पर एक पुस्तिका का विमोचन किया । यह पुस्तिका "कैण्ट रेपर्टरी का पुनर्विलोकन तथा अभिवर्द्धन– अन्य कार्यों के संबंध में बोरिक रेपर्टरी से कैण्ट रेपर्टरी में अभिवर्द्धन" नामक परियोजना के अंतर्गत थी । इस कार्यक्रम के आयोजन में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आर्थिक मदद की थी ।

20 फरवरी 1999 को के.हो.अ.प. द्वारा नई दिल्ली में आयोजित "आई.सी.आर. तकनीक एवं होम्योपैथिक कार्य स्थल – ऑरगेनॉन 96" पर एक सेमिनार की उद्घाटना के अवसर पर साहित्यिक अनुसंधान उप–समिति के सदस्य, मुंबई के डा. के.एन. कासद ने "मुखाकृति" नामक अध्याय पर एक पुस्तिका का विमोचन किया ।

विभिन्न होम्योपैथिक संगठनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/सेमिनारों/कार्याशालाओं में परिषद् के कार्यकलापों एवं उपलब्धियों पर अनेक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए ।

वर्ष 1998–99 में परिषद् का वास्तविक व्यय आयोजन के अंतर्गत 277.64 लाख रूपये तथा आयोजनाभिन्न के अंतर्गत 344.58 लाख रूपये था ।

निदेशक
के.हो.अ.प.

बैठकें

कार्यकारिणी समिति

कार्यकारिणी समिति की दो बैठकें डा0 जुगल किशोर की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.1998 एवं 11.03.1999 को परिषद्/मुख्यालय में हुई । परिषद् द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया एवं वर्ष 1997–98 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं परिक्षित लेखा पारित किये गये ।

स्थाई वित्तीय समिति

स्थाई वित्तीय समिति की बैठक 19.09.1998 को परिषद्/मुख्यालय में श्री प्रदीप भार्गव, संयुक्त सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो0 पद्धति) की अध्यक्षता में हुई । परिषद् द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार किया गया ।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

परिषद् के विभिन्न कार्यकलापों की समीक्षा एवं मूल्यांकन करने के लिये वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 32 एवं 33वीं बैठक दिनांक 20–21 अगस्त, 1998 एवं 2 मार्च, 1999 को केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम एवं परिषद्/मुख्यालय में हुई । ये बैठकें डा0 आर.के. कपूर की अध्यक्षता में की गई । उन्होंने पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों के ऊपर के.हो.अ.प. द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा की तथा उनकी रूचि के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया । समिति ने केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (CRI), कोट्टायममें कार्यों की देखरेख के लिए एक कार्यदल समिति की नियुक्ति की । समिति ने यह भी निर्णय लिया कि केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम, समिति द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ही कार्य करें । **भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग** के सचिव द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में होम्योपैथी की भूमिका पर क.हो.अ.प. के निदेशक के साथ किए गए विचार–विमर्शों के अवलोकन में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई । वैज्ञानिक सलाहकार मिति के अध्यक्ष के प्रस्ताव के मुताबिक यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी आदि एजेंसियों द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए एक दवा संग्रह बनाने हेतु होम्योपैथिक औषधियों की एक सूची सचिव (भा.चि.प. एवं हो.) को सौंपी जाए । के.हो.अ.प. के विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के आबंटनों को अनुमोदित कर दिया गया । अध्यक्ष (वै.स.स.) ने अनैतिक पेटेंटों तथा होम्योपैथी में नीम–हकीमी के कारण बाजार में उत्पन्न दयनीय स्थितिओं पर भी टिप्पणी की । उन्होंने सदस्यों को इस बात पर निर्णय लेने को कहा कि क्या परिषद् द्वारा होम्योपैथिक पेटेंट पद एक अनुसंधान परियोजना शुरू की जा सकती है ? विस्तृत विचार–विमार्श के पश्चात् समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि परिषद् को ऐसी परियोजनाएँ शुरू नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे उन पेटेंट दवाओं की प्रभावोत्पादकता के प्रचार को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा मिलेगा ।

के.हो.अ.प. पुनर्गठन उपसमिति

होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में 26 मई 1998 को के.हो.अ.प. पुनर्गठन उपसमिति की चौथी बैठक हुई । समिति ने विभिन्न संस्थानों एवं इकाइयों के कार्यों की समीक्षा की । समिति ने परिषद् के कर्मचारी प्रतिरूप/पैटर्न के लिए पुनःसंरचनात्मक एवं पुनःसंगठनात्मक ढाँचे की सलाह दी एवं इस पर विचार किया ।

साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति

के.हो.अ.प./मुख्यालय, नई दिल्ली में 20 सितंबर 1998 को साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति की 27वीं बैठक हुई । बैठक में, "व्यापकताएं" अध्याय पर किये गये कार्य की समीक्षा की गई तथा कुछ संशोधनों के साथ यह अनुमोदित कर दिया गया ।

पुनरभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम

(क) कोट्टायम (केरल)

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम ने 11 जनवरी 1999 से 10 फरवरी 1999 तक होम्योपैथी के शिक्षकों, चिकित्सा अधिकारियों एवं सामान्य चिकित्सकों के लिए एक पुनरभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के लिए भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, ने आर्थिक अनुदान दिया था । महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया था । इसमें 20 व्यक्तियों ने भाग लिया तथा होम्योपैथी एवं दवाओं से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा की गई । वैज्ञानिक सलाहकार समिति एवं साहित्यिक अनुसंधान उपसमिति के सदस्य कलकत्ता के डा. एस.के. दूबे, के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष, इलाहाबाद के डा. आर.के. कपूर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहायक सलाहकार (होम्योपैथी) डा. ईश्वर दास, कलकत्ता की डा. मंदीपा राय तथा के.हो.अ.प. के निदेशक डा. डी.पी. रस्तोगी जैसे वरिष्ठ होम्योपैथी विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिये । कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों ने राय प्रकट की कि चूँकि इस कार्यक्रम से उनको अत्यंत लाभ हुआ है अतः ऐसे कार्यक्रम बार–बार आयोजित किए जाने चाहिए ।

(ख) इम्फाल (मणिपुर)

के.हो.अ.प. ने चिकित्सा अनुसंधान इकाई, इम्फाल के माध्यम से 1 मार्च 1999 से 31 मार्च 1999 तक उत्तर–पूर्व के होम्योपैथिक चिकित्सकों के लिए एक पुनरभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया । इसमें शिक्षकों, निजी चिकित्सकों तथा उत्तर–पूर्व क्षेत्र में स्थित परिषद् की इकाइयों के अनुसंधान कर्मचारियों को मिलाकर 20 व्यक्तियों ने भाग लिया । डा. एस.के. दूबे, डा. डी.पी. रस्तोगी, डा. मंदीपा राय, डा. एम. नारा सिंह, डा. आर. शॉ, डा. पी.सी. माल, डा. के.आई. सिंह, डा. बीर कुमार और डा. अनिल खुराना ने होम्योपैथी के विभिन्न विषयों तथा मधुमेह, व्यवहार जन्य रोग, स्त्री रोग, संक्रामक रोग, उच्च श्वसन मार्ग संक्रमण एवं जठर–आंत्र मार्ग संक्रमण में हाम्योपैथी की भूमिका पर व्याख्यान दिये ।

(ग) नई दिल्ली

(1) मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा प्रायोजित कर्मचारियों के लिए जुलाई 1998, अगस्त 1998, दिसंबर 1998 एवं जनवरी 1999 में सामान्य रोगों में हाम्योपैथिक औषधियों के उपयोग के लिए के.हो.अ.प. मुख्यालय में चार होम्योपैथी पुनश्चर्याओं का आयोजन किया गया ।

(2) राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, मुनिरका, नई दिल्ली में 9 दिसंबर 1998 से 20 नवंबर 1998 तक तथा 2 फरवरी 1999 से 13 फरवरी 1999 तक अस्पताल प्रशासन विषय पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए । होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के कार्यकारी सहायक निदेशक डा. सुनील कुमार, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के डा. बी.एस. आर्या, के.हो.अ.प. मुख्यालय के डा. आई.एम. धवन, औषध परीक्षण अनुसंधान इकाई, गाजियाबाद के डा. आर.के.रे., होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के डा. आर.डी. जयन्त, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी के डा. एन. मिश्रा, केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम की डा. टी. वसंथियम्मा, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर के सहायक अनुसंधान अधिकारी डा. रमेन्द्र पाल एवं सभी अनुसंधान अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया । इसी प्रकार के दो और कार्यक्रम 16 अगस्त से 27 अगस्त 1999 तक और 10 जनवरी से 21 जनवरी, 2000 तक आयोजित किए जाएंगे ।

कार्याशालाओं/सेमिनार का आयोजन

(क) मधुमेह एवं इसका होम्योपैथिक उपचार पर एक कार्यशाला

के.हो.अ.प. मुख्यालय, जनकपुरी, नई दिल्ली में स्थित जवाहरलाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथिक अनुसंधान भवन के प्रेक्षागृह में केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् ने 10 अगस्त 1998 से 12 अगस्त 1998 तक "मधुमेह एवं इसका होम्योपैथिक उपचार" पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया । विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस कार्यशाला के लिए आर्थिक अनुदान दिया । भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग की सचिव श्रीमति शांता शास्त्री इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी तथा भा.चि.प. एवं हो. विभाग के संयुक्त सचिव श्री प्रदीप भार्गव ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की । भारत में विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेष प्रतिनिधि डा. टी. वालिया सम्माननीय अतिथि थे । के.हो.अ.प. के वैज्ञानिकों,

प्रदर्शनियाँ

परिषद् ने निम्नलिखित प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

(1) मिस्टिक इंडिया" 98

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भा.चि.प. एवं हो. विभाग ने 7 अक्तूबर 1998 से 15 अक्तूबर 1998 तक मिस्टिक इंडिया–98 नामक एक प्रदर्शनी में भाग लिया । भारत उद्योग प्रवर्तन संगठन ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग तथा भारत निर्माण के सहयोग से प्रगति मैदान, नई दिल्ली में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया । विश्व स्वास्थ्य संगठन के परंपरागत चिकित्सा कार्यक्रम के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज़ियो रुइ झांग ने 7 अक्तूबर 1998 को भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया । भा.चि.प. एवं हो. विभाग की प्रदर्शनी विषयवस्तु पर आधारित थी तथा इसका प्रमुख उद्देश्य भारतीय चिकित्सा–पद्धतियों एवं होम्योपैथी के बारे में आम जनता में जागरूकता पैदा करना था । आयुर्वेद एवं सिद्ध (सी.सी. आर.ए.एस.), यूनानी (सी.सी.आर.यू.एम.), होम्योपैथी (सी.सी.आर.एच.) तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा (सी.सी.आर.वाई.एन.) आदि अनुसंधान परिषदों के सभी संगत पहलुओं को स्पष्ट करने वाली एक विषयक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई ।

होम्योपैथी स्टाल में, होम्योपैथी का उद्‌भव, विकास, भारत तथा विश्व में होम्योपैथी का प्रसार, भारत में होम्योपैथी की स्थिति तथा होम्योपैथी के मूल सिद्धांतों का उल्लेख करने वाले विवरणों के साथ विभिन्न नामिकाएँ प्रस्तुत की गई । परिषद् के कार्यकलापों एवं उपलब्धियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे – एच.आई.वी./एड्स, मधुमेह आदि में होम्योपैथी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया । "वर्ष 2000 के बाद होम्योपैथी" विषय पर केंद्रित एक प्रदर्शनी का प्रक्षेपण किया गया । इसमें बाजार में उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयरों, होम्यो नेट सेवाओं तथा होम्योपैथिक औषधियों के निर्माण का उल्लेख किया गया । होम्योपैथी में कुछ संक्रामक रोगों का निवारण, बाल्यावस्था समस्याएँ, वृद्धावस्था समस्याएँ, छोटी–मोटी चोटें आदि का उल्लेख करने वाले विवरणों सहित कुछ नामिकाएँ प्रदर्शित की गई तथा आम जनता ने इनकी बहुत सराहना की । होम्योपैथी में प्रयोग होने वाले कुछ सामान्य औषध–पादप भी प्रदर्शित किए गए । इनके चिकित्सीय उपयोगों के साथ इनको एक "हरी कवलिका" में प्रदर्शित किया गया । कुछ अपरिष्कृत औषध नमूने भी प्रदर्शित किए गए । निःशुल्क परामर्श कक्षों की स्थापना भी की गई ।

9 अक्तूबर 1998 को "होम्योपैथी दिवस" मनाया गया । इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति की पत्नी श्रीमति सूमन के.कांत मुख्य अतिथि थीं तथा के.हो.अ.प. के निदेशक डा. डी.पी. रस्तोगी ने उनका स्वागत किया । उन्होंने मण्डप का निरीक्षण किया तथा प्रदर्शनी से अत्यंत प्रभावित हुई । उन्होंने टिप्पणी की कि होम्योपैथी की उपयोगिता और प्रभावोत्पादकता के बारे में जनसाधारण को सुशिक्षित करने का एक बहुत बड़ा काम के.हो.अ.प. कर रही है । इस अवसर पर भा.चि.प. एवं हो. विभाग के संयुक्त सचिव श्री प्रदीप भार्गव तथा भा.चि.प. एवं हो. विभाग के निदेशक कुँवर राजेन्दर सिंह भी उपस्थित थे । उस दिन एक "उक्ति" प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । चार श्रेष्ठ "उक्तियों" के लिए पुरस्कार (सामान्य होम्योपैथिक दवाइयों का एक संग्रह) दिए गए । श्री प्रदीप भार्गव ने पुरस्कारों का वितरण किया ।

होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने वाले फोल्डर/पैम्फलेट/पुस्तिकाएँ मुफ्त में बाँटी गई । परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तकें भी बिक्री के लिए रखी गई ।

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग की सचिव श्रीमति शांता शास्त्री ने 12 अक्तूबर 1998 को प्रदर्शनी का निरीक्षण किया । उन्होंने सजावट की प्रशंसा की । आगंतुक–पुस्तिका में अपनी टिप्पणी में उन्होंने लिखा कि के.हो.अ.प. ने एक बहुत ही अच्छी प्रदर्शनी का आयोजन किया है । 9 अक्तूबर 1998 को विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने भी प्रदर्शनी का निरीक्षण किया ।

(2) अंतर्राष्ट्रीय भारतीय व्यापार मेला – 1998

के.हो.अ.प. ने भारतीय व्यापार प्रवर्तन संगठन द्वारा 14 नवंबर से 27 नवंबर 1998 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली के प्रदर्शनी स्थल में भाग लिया । परिषद् ने अपने कार्यकलापों तथा उपलब्धियों एवं माता एवं शिशु देखरेख में होम्योपैथी की भूमिका को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया । होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने वाले पैम्फलेट जनता को मुफ्त में बाँटे गए । रोगियों के लिए एक परामर्श कक्ष भी बनाया गया ।

(3) परफैक्ट हैल्थ मेला – 1998

भारतीय हृदय संरक्षण प्रतिष्ठान द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली के धनुर्विद्या स्थल में 18 दिसंबर से 27 दिसंबर 1998 तक आयोजित संपूर्ण स्वास्थ्य मेला–98 में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के माध्यम से एक अन्य प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई । इसमें मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन भी किया गया ।

विदेशी/भारतीय प्रतिनिधियों के दौरे

(क) परंपरागत चिकित्सा विभाग, यांगेन, मयनमार के महानिदेशक प्रोफेसर कॉ मिण्ट हतून ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ 19 अगस्त 1998 को केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् का निरीक्षण किया । उन लोगों को देश में होम्योपैथी की प्रतिष्ठा तथा परिषद् के अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गई ।

(ख) नार्वे के आपरिवर्ती चिकित्सा आयोग के आठ सदस्यों वाले एक प्रतिनिधि मंडल ने 29 अगस्त 1998 को के.हो.अ.प. मुख्यालय का दौरा किया । नार्वे के स्वास्थ्य एवं सामाजिक मंत्रालय के उप–महानिदेशक श्री किल रोएंसडल इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे थे । सहायक निदेशक (होम्योपैथी) डा. वी.पी. सिंह एवं सहायक निदेशक (प्रशासन) श्री बी.आर. भाखड़ी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया । डा. वी.पी. सिंह ने औषधीय पादपों, औषध मानकीकरण एवं एच.आई.वी./एड्स पर विशेष बल देते हुए केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के उद्देश्यों, कार्यकलापों एवं उपलब्धियों की रूपरेरखा प्रस्तुत की । प्रतिनिधियों को परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का संग्रह भी प्रदान किया गया । प्रतिनिधिमंडल के नेता श्री रोएंसडल ने कहा कि उनके दौरे का उद्देश्य नार्वे के लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की दृष्टि से होम्योपैथी एवं अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की क्षमता को देखना तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों की तलाश करना था । प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अधिकारियों एवं होम्योपैथी एवं अन्य पद्धतियों के विशेषज्ञों से भी मुलाकात की ।

(ग) एक पाँच सदस्यीय दल की नेता एवं एन.ए.ए.एम.आई. चिकित्सा केन्द्र मास्को की महानिदेशक डा. स्वेतलाना मयस्काया ने 22 दिसंबर 1998 को परिषद् मुख्यालय का दौरा किया । उपनिदेशक (तकनीकी) डा. आर. शॉ ने मुख्य रूप से भेषज–संग्रह कार्य एवं औषधीय पादपों पर बल देते हुए परिषद् के कार्यकलापों के बारे में प्रतिनिधिमंडल को संक्षेप में जानकारी दी । उन्हें परिषद् में जारी चिकित्सा अनुसंधान कार्यों तथा भारत में होम्योपैथी की शिक्षा, अनुसंधान तथा स्वास्थ्य सेवा एवं होम्योपैथी के सर्वांगींण विकास के बारे में भी बताया गया । परिषद् द्वारा संचालित कार्यों से प्रतिनिधिमंडल प्रभावित हुआ ।

प्रतिनिधिदल की नेता डा. स्वेतलाना मयस्काया ने कहा कि उनके दौरे का उद्देश्य भारत में होम्योपैथी संबंधी कार्यों, विशेषकर अनुसंधान कार्यों, के साथ निकट संपर्क बनाना है ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में होम्योपैथी की क्षमता का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाया जा सके । उन्होंने कहा कि उनके दौरे का एक उद्देश्य यह भी है कि अनुसंधान क्षेत्र में संयुक्त उद्यम शुरू किए जाएं । प्रतिनिधिमंडल को परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का एक संग्रह तथा भारतीय होम्योपैथिक भेषज–संग्रह प्रदान किया गया ।

प्रस्तावना

संगठन

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को सोसाइटीज राजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 का इक्कीसवां के अंतर्गत की गई थी, जिसके मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

1. होम्योपैथी में वैज्ञानिक पद्धति पर अनुसंधान के उद्देश्य और प्रणाली तैयार करना ।
2. होम्योपैथी में कोई अनुसंधान या अन्य कार्यक्रम शुरू करना ।
3. अनुसंधान का परिचालन तथा सहायता करना, रोगों के कारणों, फैलने के तरीकों और उनके निवारण के संबंध में सामान्य ज्ञान और प्रयोगात्मक उपायों का प्रचार करना ।
4. होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त दोनों में, वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ करना, उसकी सहायता, विकास और समन्वय करना तथा रोगों के अध्ययन, उनके निवारण, कारणों और उपचार आदि के लिए अनुसंधान को बढ़ावा एवं सहायता करना ।

31 मार्च, 1999 को समाप्त हुई समीक्षाधीन अवधि के दौरान परिषद् की सोसाइटी और शासी निकाय की सदस्यता इस प्रकार है :

शासी निकाय

पुर्नगठित शासी निकाय के सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	अध्यक्ष
2.	डा. जुगल किशोर, नई दिल्ली ।	–	उपाध्यक्ष
3.	श्रीमति शांता शास्त्री, सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
4.	श्री प्रदीप भार्गव, संयुक्त सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
5.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
6.	डा. वी.टी. आगस्टीन नई दिल्ली ।	–	सदस्य
7.	डा. प्रदीप कुमार सहा, कलकत्ता (प. बंगाल) ।	–	सदस्य
8.	डा. रनबीर एस. मदान, इलाहाबाद (उ.प्र.) ।	–	सदस्य
9.	डा. मुकेश बत्रा, मुंबई (महाराष्ट्र) ।	–	सदस्य

10.	डा. एस.एस. रज़ा, अलीगढ़ ।	–	सदस्य
11.	प्रो. आर.एन. खन्ना, दिल्ली ।	–	सदस्य
12.	प्रो. श्रीश चन्द्र गुप्ता दिल्ली ।	–	सदस्य
13.	प्रो. आर.सी. सक्सैना, लखनऊ (उ.प्र.) ।	–	सदस्य
14.	डा. डी. सेन गुप्ता, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
15.	डा. समीर भट्टाचार्य, कलकत्ता (प. बंगाल) ।	–	सदस्य
16.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ।	–	सदस्य सचिव

शासी निकाय, परिषद् के कार्यों की प्रगति का अवलोकन तथा वैज्ञानिक सलाहकार समिति तथा स्थायी वित्त समिति द्वारा अनुमोदित नयी योजनाओं की स्वीकृति, वार्षिक बजट प्रावधान इत्यादि का पुनरीक्षण करती है ।

कार्यकारिणी समिति

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की कार्यकारिणी समिति जिसको कि शासी निकाय के सभी अधिकार हैं दिनांक 15.04.1997 को गठित की गई है, जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं:

1.	डा0 जुगल किशोर, नई दिल्ली ।	–	अध्यक्ष
2.	श्री प्रदीप भार्गव, संयुक्त सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
3.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
4.	डा. वी.टी. आगस्टीन नई दिल्ली ।	–	सदस्य
5.	डा. रनबीर एस. मदान, इलाहाबाद (उ.प्र.) ।	–	सदस्य
6.	डा. एस.एस. रज़ा, अलीगढ़ (उ.प्र.) ।	–	सदस्य
7.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ।	–	सदस्य सचिव

इस वर्ष परिषद् के विभिन्न प्रस्तावों पर विचार करने के लिए समिति की 2 बैठकें दिनांक 25.09.98 एवं 11.03.1999 को परिषद् मुख्यालय में हुई ।

स्थाई वित्तीय समिति

1.	भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रभारी संयुक्त सचिव/निदेशक/उपसचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (एफ.ए./उपसचिव (आई.एफ.)), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
3.	डा. प्रदीप कुार साहा, कलकत्ता (प. बंगाल) ।	–	सदस्य
4.	डा. मुकेश बत्रा, मुंबई (महाराष्ट्र) ।	–	सदस्य
5.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ।	–	सदस्य

स्थाई वित्त समिति की 32वीं एवं 33वीं बैठक 25.05.98 एवं 10.09.1998 की परिषद् मुख्यालय, नई दिल्ली में परिषद् के विभिन्न प्रस्तावों के अनुमोदन हेतु हुई ।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

1.	डा. आर.के. कपूर, इलाहाबाद (उ.प्र.) ।	–	अध्यक्ष
2.	डा. गिरेन्द्र पाल, जयपुर (राजस्थान) ।	–	सदस्य
3.	डा. वी.टी आगस्टीन, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
4.	डा. एस.के. दुबे, कलकत्ता ।	–	सदस्य
5.	डा. आर.पी. पटेल, हैनीमन हाउस, कालेज रोड़, कोट्टायम (केरल) ।	–	सदस्य
6.	डा. एम.पी. आर्या, पुणे (महाराष्ट्र) ।	–	सदस्य
7.	डा. मनोज यादव, लखनऊ (उ.प्र.) ।	–	सदस्य
8.	डा. के.पी. मजूमदार, मुंबई (महाराष्ट्र) ।	–	सदस्य
9.	डा. एस.पी. कोपीकर, चैन्नई (तमिलनाडू) ।	–	सदस्य
10.	डा. जी.एल.एन. शास्त्री, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश) ।	–	सदस्य
11.	डा. एस.पी. सिंह, उप सलाहकार (होम्यो.), भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति, स्वा. एवं परि. कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
12.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ।	–	सदस्य सचिव

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के पुर्नगठन के लिये उपसमिति

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् के चालू अनुसंधान कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक संरचना का पुनर्विलोकन करने के लि[ए] जुलाई, 1997 में परिषद् के पुर्नसंगठन के लिये एक उपसमिति का गठन किया गया जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	श्रीमति शांता शास्त्री, सचिव (भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो. पद्धति), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
3.	डा. के.पी. मजूमदार, मुंबई ।	–	सदस्य
4.	डा. वी.के. सिंह, नई दिल्ली ।	–	सदस्य
5.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ।	–	सचिव सदस्य

उप–समिति की चौथी बैठक दिनांक 26.05.1998 को होम्योपैथिक औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हुई ।

उपसमिति

साहित्यिक अनुसंधान

1.	डा. एस.के. दुबे, एफ.डी. 393, सैक्टर 111, साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता ।	–	अध्यक्ष
2.	डा. के.एन. कासद, ए.ए. वाडिया बाग, 3/परेल टैंक, मुंबई ।	–	सदस्य
3.	डा. आर.के. कपूर, फ्लैट नं. 33, ब्लाक नं. 5, नवाब यूसूफ रोड (सिविल लाईन्स), इलाहाबाद (उ.प्र.) ।	–	अध्यक्ष
4.	डा. डी.पी. रस्तोगी, निदेशक, केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, 61–65 संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लाक जनकपुरी, नई दिल्ली ।	–	सचिव सदस्य

साहित्यिक अनुसंधान की उपसमिति की 27वीं बैठक 29 सितंबर, 1998 को परिषद्/मुख्यालय, नई दिल्ली में संपन्न हुई कैण्ट रिपर्टरी के अध्याय पर अभिवर्द्धन के कार्य की समीक्षा तथा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

संगठनात्मक नेटवर्क

परिषद् के अंतर्गत 51 इकाईयों/संस्थानों जिसमें 22 इकाईयाँ आदिवासी क्षेत्रों में स्थित है, पर अनुसंधान कार्य चल रहे हैं ।

– केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	–	1	–	कोट्टायम (केरल) ।
– होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान	–	1	–	लखनऊ (उ.प्र.) ।
– क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान	–	3	–	नई दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), गुड़िवाढ़ (आन्ध्र प्रदेश) ।
– होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान	–	2	–	पुरी (उड़ीसा), जयपुर (राजस्थान) ।
– चिकित्सा अनुसंधान इकाई	–	13	–	भोपाल (म.प्र.), वाराणसी (उ.प्र.), बहादुरगढ़ (हरियाणा), पटियाला (पंजाब), शिमला (हि.प्र.), उड्डुपी (कर्नाटक), पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार), तिरूपति (आ.प्र.), गोरखपुर (उ.प्र.), गोहाटी (आसाम), चैन्नई (तमिलनाडु), इम्फाल (मणिपुर), जम्मू (ज. एवं का.) ।
– चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी)	–	21	–	अगरतला (त्रिपुरा), एजावल (मिजोरम), भरमौर (हि.प्र.), भारूच (गुजरात), चुराचांदपुर (मणिपुर), दण्डेली (कर्नाटक), दीमापुर (नागालैण्ड), डिफू (आसाम), गंगटोक (सिक्किम), इद्दूकी (केरल), ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश), जगदलपुर (म.प्र.), जैपोर (उड़ीसा), लेह (ज. एवं का.), पोंडिचेरी, रांची (बिहार), सेलम (तमिलनाडु), संबलपुर (उड़ीसा), शिलांग (मेघालय), सिलिगुड़ी (प.ब.) एवं विजयवाढ़ा (आंध्र प्रदेश) ।
– होम्योपैथिक उपचार केन्द्र	–	1	–	सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली ।
– औषध प्रमाणन इकाई	–	3	–	कलकत्ता (प. बंगाल), मिदनापुर (प. बंगाल), गाजियाबाद (उ.प्र.) ।
– औषध मानकीकरण इकाई	–	2	–	गाजियाबाद (उ.प्र.), हैदराबाद (उ.प्र.) ।
– चिकित्सा सत्यापन इकाई	–	3	–	गाजियाबाद (उ.प्र.), पटना (बिहार), वृंदावन (उ.प्र.) ।
– औषद पादपों का सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई	–	1	–	ऊटी (तमिलनाडु) ।

बजट प्रावधान

(लाखों में)

	वास्तविक व्यय 1997–98	बजट अनुमान 1998–99	संशोधित व्यय 1998–99	वास्तविक व्यय* 1998–99
प्लान	262.79	325.00	360.00	277.64
नान प्लान	296.55	290.00	322.00	344.58
योग	559.34	615.00	682.00	622.22

* प्राप्तिओं का उपयोग एवं अग्रिम समायोजन शामिल है ।

परिषद् में कार्यरत अनुसूचित जाति/जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या

अनुसूचित जाति	=	92
अनुसूचित जनजाति	=	22
अन्य पिछड़े वर्ग	=	49

वर्ष 1998–99 में चिकित्सा अनुसंधान द्वारा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना

परिषद् ने इकाईयों एवं संस्थानों में बहिरंग रोगी विभाग एवं अंतरंग रोगी विभाग में चिकित्सा अनुसंधान द्वारा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना जारी रखा । वर्ष के अंर्तगत बहिरंग एवं अंतरंग रोगियों का विवरण इस प्रकार है :

(क) सामान्य क्षेत्रों में :

1. बहिरंग रोगियों की संख्या :
   - नये रोगियों की पंजीकरण संख्या — 69,872
   - पुराने रोगियों की उपस्थिति — 1,78,228

   योग **2,48,100**

2. अनुसंधान अंतर्गत रोगियों की संख्या*

   बहिरंग रोगी विभाग :
   - नये रोगी — 3,055
   - पुराने रोगी — 9,427

   अंतरंग रोगी विभाग :
   - नये रोगी — 1,040
   - पुराने रोगी — 204

   योग 13,726*

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

1. बहिरंग रोगियों की संख्या — **2,96,051**
2. अनुसंधान रोगियों की संख्या — 3,759**

(ग) रोगी जो चिकित्सा सत्यापन इकाईयों में उपचारित किये गये :

1. बहिरंग रोगियों की संख्या — **1,42,927**
2. अनुसंधान रोगियों की संख्या — 15,635

कुल रोगियों की संख्या जिनका उपचार किया गया — 6,87,078

* (क) 1 के अंतर्गत शामिल मामले ।

** (ख) 1 एवं (ग) के अंतर्गत शामिल मामले ।

चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम

चिकित्सा अनुसंधान कार्य परिषद् द्वारा सामान्य एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों/संस्थानों में जारी है एवं सामान्य एवं चिरकारी रोगों में चिकित्सीय मूल्यांकन किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे कि फाईलेरिया/मलेरिया, एच.आई.वी./एड्स, मधुमेह शामिल है ।

(क) सामान्य क्षेत्रों में चिकित्सीय अनुसंधान कार्यक्रम

दो प्रकार के अध्ययन, औषधोन्मुखी एवं रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान के अंतर्गत जारी हैं । छः संस्थानों, 12 चिकित्सा अनुसंधान इकाईयों तथा एवं चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी) में 41 विषयों पर अनुसंधान कार्य जारी हैं । औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में भी यह कार्य जारी है ।

रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

इस अनुसंधान का उद्देश्य है कि एक रोग विशेष अवस्था में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का अध्ययन तथा उनके विश्वसनीय लक्षणों, पोटेन्सी तथा औषध सेवन की खुराक मात्रा एवं अन्य औषधियों से संबंध ज्ञात करना । निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में यह अनुसंधान कार्य जारी है ।

अमीबाएसिस, व्यवहार जन्य विकृतियाँ, मानसिक रूप से अपंग बच्चों में व्यवहारजन्य विकृतियाँ, श्वसनी दमा, गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, शिशु दस्त रोग, पेचिश, अपस्मार, फाईलेरिया, आमाशय शोथ, जियार्डिएसिस, जिगर शोथ बी., एच.आई.वी. संक्रमण, अल्प धनत्व वसा प्रोटीन अधिक्य, उच्च रक्तचाप, सविरामी ज्वर, रक्ताल्पता, आंत संलक्षण उत्तेजन, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, प्रोस्टेट ग्रन्थि में वृद्धि, वृक्कीय पथरी, आमवातिक संधि शोथ, सिक्कल सैल अनीमिया, साईनुसाइटिस, त्वचा रोग (एलर्जिक त्वचा शोथ, अर्टिकेरिया) एवं तुण्डिका शोथ ।

औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

रोगोन्मुखी अध्ययन के अंतर्गत प्रभावकारी औषधियों की पहचान के बाद उनके निर्दिष्ट लक्षणों की पहचान भी की जाती है । इन आंकड़ों की संपुष्टि हेतु औषधोन्मुखी अनुसंधान कार्य किया जा रहा है । कई अन्य औषधियाँ भी ज्ञात है जो अंग विशेष में प्रभावकारी होती हैं या जो पारंपरिक रूप से विशेष रोग अवस्था में प्रभावकारी पाई गई हैं । यह औषधियाँ भी इस अध्ययन में शामिल हैं । औषधोन्मुखी अध्ययन निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में जारी है ।

अमीबाएसिस, व्यवहार जन्य विकृतियाँ, ग्रीवा संधि शोथ, गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ, मधुमेह, फाईलेरिया, जापानी एन्सैफलाईटिस, माईक्रोफाईलेरीनिया, पित्तीय पथरी, कृमिरूग्णता, भ्रुण की विकृत अवस्था, अतिरज स्त्राव, अस्थि संधि शोथ एवं विटिलिगो ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा अनुसंधान

सर्वेक्षण से ज्ञात 18 सामान्य रोग अवस्थाओं में, 20 आदिवासी चिकित्सा इकाईयों में औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान कार्य जारी है । होम्योपैथिक मेटीरिया मेडिका में कई औषधियों का दुःप्रभाव एवं रोगसाध्यक क्षमता का उद्धरण है । इनमें कुछ औषधियों का प्रयोग काफी कम है परन्तु पारंपरिक रूप से प्रभावकारी ज्ञान होने के कारण इनकी चिकित्सीय संपुष्टि आवश्यक है । इसी हेतु 18 विभिन्न रोग अवस्थाओं में इन औषधियों पर अध्ययन जारी है । इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य निर्दिष्ट औषधियों के विश्वसनीय लक्षणों को ज्ञात करना है ।

निम्नलिखित रोग अवस्थाओं में चिकित्सीय अध्ययन 20 आदिवासी इकाईयों में जारी हैं ।

अमीबाएसिस, अस्थि संधि शोथ, श्वसनी दमा, श्वसनी शोथ, गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन, मधुमेह, पेचिश, फाईलेरिया, आमाशयी आंत्र शोथ, कृमिरूग्णता, मलेरिया, अस्थि संधि शोथ, पेप्टिक अल्सर, नासा शोथ, त्वचा रोग, साईनुसाईटिस, तुण्डिका शोथ एवं ल्युकोडर्मा ।

1. अमीबाएसिस

(क) सामान्य क्षेत्रों में :

1) औषध रोगोन्मुखी चिकित्सीय अनुसंधान

परिषद् अमीबाएसिस रोग पर अनुसंधान का कार्य, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, तिरूपति (1982–83) एवं चिकित्सा अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी (1984–85) में चल रहा है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	98	09

सुधार अनुक्रमणिका

	नये	पुराने
आरोग्यता	08	—
सुधार :		
– अति	53	07
– मध्यम	21	02
– अल्प	05	—
सुधार नहीं हुआ	06	—
उपचाराधीन	05	—

अवलोकन

सभी रोगी अमीबिक पेचिश से पीड़ित थे । औषधियाँ नक्स वोमिका 30, 200, 1 एम., चाईना आफिसिनेलिस 30, 200, 1 एम. . एलोज सोकोटरिना 30, 200, आर्सनिक एल्बम 30, 200, 1 एम. एवं मर्क्युरियस सोल्युलिस 30 लक्षणों एवं चिन्हों में सुधार लाने में सहायक सिद्ध हुई हैं । 68 रोगियों में अमीबा परजीवी लुप्त पाया गया । लाइकोपोडियम, सल्फर एवं पल्सैटिला, मध्यमा के रूप में प्रभावकारी पाई गई । 40 रोगियों लक्षणों का पुर्नप्रकटीकरण नहीं हुआ एवं 10 रोगियों में पुर्नप्रकटीकरण कम वेग से नहीं हुआ ।

2) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों का अमीबाएसिस में प्रभावकारिता का चिकित्सीय मुल्यांकन :

एकैरिन्थिस एस्पैरा, ईगल फोलिया, ईगल मार्मिलोस, आर्सनिक एल्बम, एटिस्टा इंडिका, सिन्कोना आफिसिनेलिस, कोलचिकम, कोलोसिन्थिस, साएनोडोन डैक्टाईलोन, होलेर्हिना एन्टीडायसैन्टेरिका, इपिकाकुन्हा, मर्क्युरियस कोरोसिवस, कर्मयुरियस साल्युलिस, नक्स वोमिका एवं सल्फर ।

परिषद् में इसका अध्ययन चिकित्सा एवं महामारी अनुसंधान इकाई, भोपाल (1987 से), चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पोर्टब्लेयर (1989 से), चिकित्सा अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी (1987 से) में चल रहा है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	119	51

सुधार अनुक्रमणिका

	नये	पुराने
सुधार :		
– अति	74	35
– मध्यम	22	16
सुधार नहीं हुआ	14	—
उपचाराधीन	02	—
असूचित	05	—
उग्रता	02	—

अवलोकन

अमीबिक पेचिश के रोगियों को पंजीकृत किया गया है । निर्दिष्ट औषधियों से लक्षणों एवं चिन्हों में सुधार हुआ है ईगल फोलिया, एटिस्टा इंडिका, साईनोडोन डैक्टाईलोन, होलेरिना एन्टीडायसैन्टरिका एवं मर्क्युरियस सोल्व्युलिस औषधियाँ अधिक लाभकारी सिद्ध हुई । 50 रोगियों में उपचार के बाद मल से एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका पूर्णतः अदृश्य हो गया । 22 नये रोगियों में कोई भी एवं 3 रोगियों में कम वेग से ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में :

निम्नलिखित औषधियों का अमीबाएसिस रोग से चिकित्सीय मुल्यांकन :

एल्स्टोनिया कंस्ट्रीक्टा, एम्ब्रोसिया, एस्क्लेपियास टयुब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साएनोडोन डैक्टाईलोन, एमीटाईम, फाईकस इंड्रिका, हेलीबोरस, होलेरहिना एण्टीडासैन्टेरिका (कुर्ची), सिल्फियम, लैप्टेण्डरा, रेफनस, ट्रोम्बीडियम, जैन्थेजाईलम, जिंकम सल्फयुरिकम ।

इस अध्ययन को चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदि.) डन्डेली, दीमापुर, ईटानगर, जैपोर, चुराचांदपुर, गंगटोक तथा अगरतला में लिया गया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

उपचारित रोगियों की संख्या	–	468
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	341

अवलोकन

अध्ययन के अंतर्गत निर्दिष्ट औषधियों में साइनोडोन डैक्टाईलोन, एप्स्टिा इंडिका, फाईकस इंडिका, ट्राम्बीडियम, इमेटाईम एवं एल्सटोनिया कंस्ट्रीक्टा अत्याधिक प्रभावकारी पाई गई है । विश्वसनीय लक्षणों का पुर्नसत्यापन किया जा रहा है ।

2. संधि शोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

संधिशोथ पर निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का चिकित्सीय रूप से मूल्यांकन करना :

एक्टिया स्पाईकेटा, एन्गायुस्चूरा वेरा, कोलाफाईलम, फार्मिका रूफा, फार्मिक एसिड, लिथियम कार्बोनिकम, मैग्नोलिया ग्रेन्डीफ्लोरा, रेडियम ब्रोमेटम तथा स्टेलेरिया मीडिया ।

इस परियोजना को भरमौर, भरौच, डान्डेली, सीलीगुड़ी तथा जगदलपुर के चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी) केंद्रों में चलाया जा रहा है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	—	384
लाभान्वित रोगियों की संख्या	—	217

अवलोकन

एक्टिया स्पाईकेटा, एन्गायुस्चूरा वेरा, कोलाफाईलम, फार्मिका रूफा, फार्मिक् एसिड, रेडियम ब्रोमेटम तथा स्टेलेरिया मीडिया अध्ययन के दौरान प्रभावकारी पाई गई ।

3. व्यवहार जन्य विकृतियाँ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम (केरल) में व्यवहारजन्य विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन का अध्ययन किया जा रहा है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष विभिन्न मानसिक–विकृतियों के 279 रोगी पंजीकृत किए गए । इन 279 मामलों में से 93 रोगी प्रमुख मानसिक विकृतियों के हैं तथा 186 लघु मानसिक विकृतियों के हैं । इनमें से 30 रोगियों को ठीक किया जा चुका है, 87 रोगियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, 86 रोगियों में सामान्य सुधार हुआ है तथा 43 रोगियों में हल्का सुधार देखा जा सकता है । 33 रोगी उपचाराधीन हैं ।

609 पुराने रोगी फिर से इलाज हेतु आए । इनमें से 46 रोगियों को ठीक किया जा चुका है, 105 रोगियों में उल्लेखनीय सुधार है, 121 रोगियों में सामान्य सुधार है, 101 रोगियों में हल्का सुधार है तथा शेष रोगी उपचाराधीन हैं ।

अवलोकन

ऐसा देखा गया है कि जब औषधि रेपर्टोराईजेशन एवं प्रत्यक्ष रोग लक्षणों पर आधारित होता है तब अधिक सुधार होता

है । मनोबिदलित रोगियों में सुधार की दर अपेक्षाकृत कम है । 25 नए रोगियों में से, 12 रोगियों में सुधार हुआ है तथा 50 पुराने रोगि में से 26 रोगियों में सुधार हुआ है । कायिक–मनोविकृति विषयक स्थितियों वाले 7 नए रोगी दर्ज किए गए जिनमें से 4 रोगी स्वा हो गए तथा 2 रोगियों में उपचार से सामान्य प्रगति देखी गई । अर्जेन्टम नाईट्रिकम और स्ट्रेमोनियम सबसे अधिक प्रभावकारी पा गए ।

इस वर्ष विभिन्न व्यवहार–जन्य विकृतियों के अंतर्गत 279 नए रोगी दर्ज किए गए । इनमें से 60 रोगी मनोविकृति ग्र हैं । इन रोगियों में सुधार की दर अन्य विकृतियों की तुलना में अधिक है । 60 नए रोगियों में से 7 रोगी स्वस्थ हो गए तथा 32 रोगि में मिला–जुला लाभ दिखाई दिया । 78 पुराने रोगियों में से 12 रोगी स्वस्थ हो गए तथा 32 रोगियों में मिला–जुला लाभ दिखा दिया । इग्नीशिया, पल्सैटिला, फास्फोरस, आर्सनिक एल्बम, बैलाडोना तथा स्ट्रेमोनियम औषधियाँ प्रभावकारी पायी गई ।

(अ) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

व्यवहार जन्य विकृतियों में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए ।

बैलाडोना, हायोसाएमस नाइगर, इग्नीशिया अमारा, लैकिसिस, नैट्रम म्यूरियाटिकम, नक्स वोमिका, फास्फोरस, पल्सैटि स्ट्रेमोनियम तथा सल्फर ।

इस परियोजना पर 1991 से केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), कोट्टायम में कार्य चल रहा है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों का अध्ययन किया गए	106	122
सुधार अनुक्रमणिका		
सुधार :		
– अति	11	09
– मध्यम	28	29
– अल्प	28	33
सुधार नहीं हुआ	21	16
अनउपचारार्थ	04	06
अनुपस्थित	04	29

अवलोकन

देखा गया कि इग्नीशिया (17 रोगी), पल्सैटिला (06 रोगी), सल्फर (06 रोगी) तथा लैकिसिस (03 रोगी), प्रभावित–विकृति में प्रभावकारी पाए गए । लैकिसस, पल्सैटिला तथा सल्फर (01 रोगी प्रत्येक), कायिक–मानसिक विकृति में तथा इग्नीशिया (05 रोगी) तथा पल्सैटिला (02 रोगी), उत्कंठा–विकृति में प्रभावकारी पाए गए । मनोविदलित विकृति में सल्फर (05 रोगी), पल्सैटिला (02 रोगी) स्ट्रेमोनियम (02 रोगी) प्रभावकारी पाए गए जबकि मनः शारीरिक विकृतियों में नैट्रम म्युरियाटिकम (14 रोगी), पल्सैटिला (07 रोगी) इग्नीशिया (07 रोगी), सल्फर (07 रोगी), लैकिसिस (05 रोगी) तथा फास्फोरस (03 रोगी) सबसे अधिक प्रभावकारी पाए गए । यह अवलोकित हुआ कि कृत्रिम–व्यक्तित्व विकृति में इग्नीशिया सबसे अधिक प्रभावकारी रहा । नैट्रम म्युरियाटिकम और फास्फोरस प्रभावकारी रहे । विहवल व्यक्तित्व विकृति में सल्फर सबसे अधिक प्रभावकारी रहा । इसके बाद पल्सैटिला और नैट्रम म्युरियाटिकम ज्यादा प्रभावकारी रहे । संविभ्रम व्यक्तित्व–विकृति में स्ट्रेमोनियम सबसे ज्यादा उपयोगी रहा जबकि पल्सैटिला एवं सल्फर भी बड़ी हद तक प्रभावकारी रहे । किसी निष्कर्ष तक पहुँचने हेतु इन अवलोकनों का और सत्यापन किया जा रहा है ।

4. मानसिक विकलांगता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम (केरल) में इस परियोजना पर अध्ययन चल रहा है ।

1998–99 वर्ष की उपलब्धियाँ

इस वर्ष 23 नए रोगी दर्ज किए गए तथा 346 रोगियों का उपचार जारी रहा । नए रोगी उपचाराधीन हैं ।

अवलोकन

इस अध्ययन को यह तथ्य ध्यान में रखकर शुरू किया गया था कि मंद–बुद्धि बच्चों में व्यवहार–जन्य लक्षणों को समाप्त तथा नियंत्रित करने में होम्योपैथिक औषधियाँ प्रभावकारी हैं । 346 पुराने मामलों के अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि बैलाडोना, सल्फर, नक्स वोमिका, चैमोमिला, स्ट्रेमोनियम, बेरिटा कार्बोनिकम, कैल्केरिया कार्बोनिकम, हायोसाएमस, पल्सैटिला, ट्यूबरकलिनम, कैल्केरिया फास्फोरिकम तथा टैरेंटूला हिस्पैनिका जैसी होम्योपैथिक औषधियों ने बच्चों में मानसिक चिड़चिड़ापन, हिंसक एवं विनाशकारी व्यवहार, हिस्टीरिया रोग, अतिक्रियाशीलता–जन्य–हठ आदि विभिन्न व्यवहारोन्मुखी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायता प्रदान की है । संपूर्ण लक्षणों के आधार पर निर्धारित की गई होम्योपैथिक औषधियाँ ज्यादा प्रभावकारी सिद्ध हुई हैं । इससे उन्हें विशेष स्कूलों में विभिन्न कौशलों में सफल प्रशिक्षण पाने में सहायता मिलती है ।

5. श्वसनी दमा

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने श्वसनी दमा में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता के मूल्यांकन तथा सत्यापन के लिए 1979 में यह परियोजना शुरू की तथा विश्वसनीय संकेत चिह्नों के साथ सबसे अधिक प्रभावकारी औषधियों की पहचान की गई । किन्तु के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए सलाहों के अनुसार 1996–97 से इस परियोजना में परिवर्तन कर दिया गया है । अब हैनिमेनियन अवधारणा पर आधारित निम्नलिखित कार्यक्षेत्रों में अध्ययन किया जा रहा है ।

- मियाज्मैटिक पृष्ठभूमि का पता लगाना
  चिकित्सा अनुसंधान इकाई, शिमला तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाडा ।
- सतत् अवस्था वाले दमा में उपयोगी होम्योपैथिक औषधियों के समूह का पता लगाना
  क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाडा, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर ।
- मौसम–परिवर्तन के दौरान बदतर हो जाने वाले मामलों हेतु होम्योपैथिक औषधियों का पता लगाना
  क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, उडूपी तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पटियाला ।
- एलोपैथिक दवाओं पर निर्भरता कम करने के लिए होम्योपैथिक औषधियों की खोज करना
  चिकित्सा अनुसंधान इकाई, शिमला, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, उडूपी, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पटियाला ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	288	189

सुधार अनुक्रमणिका

	नये	पुराने
स्वस्थ	––	04
सुधार :		
– अति	91	69
– मध्यमं	106	53
– अल्प	63	62
कोई सुधार नहीं	02	01
अनुपस्थित	19	––
उपचाराधीन	05	––
छोड़ दिया	01	––
बदतर	01	––

अवलोकन

यह अवलोकित हुआ है कि 53 नए एवं 46 पुराने रोगियों में रोग के फिर से पनपने की बात नजर नहीं आई तथा 96 एवं 106 पुराने रोगियों में थोड़ी सी तीव्रता के साथ रोग फिर पनपा ।

मौसम परिवर्तन के दौरान प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – आर्सनिक एल्बम, काली कार्वोनिकम, नैट्रम सल्फ्यूरिकम, हि सल्फ्यूरिस ।

गर्म से आर्द्र मौसम	–	नैट्रम सल्फ्यूरिकम
मौसम में अचानक परिवर्तन	–	काली कार्वोनिकम
गर्म से ठंडा मौसम	–	आर्सनिक एल्बम
ठंडे मौसम के संपर्क से	–	हिपर सल्फ्यूरिस

एलोपैथिक एवं अन्य औषधियों की निर्भरता कम करने में प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ – अमोनियम कार्बोनिकम, आर्स एल्बम, एंटीमोनियम टार्टेरिकम, काली कार्बोनिकम, काली म्यूरियाटिकम, सैंबुकस निग्रा, सल्फर, फास्फोरस, पल्सैटिला, लैकि सीपिया, हेपार सल्फ्यूरिस ।

अमोनियम कार्बोनिकम 04 रोगियों में ऐस्थेलिन की मात्रा कम करने में उपयोगी रहा । फासफोरस 02 रोगियों में थियोऐस्थे की मात्रा तथा पल्सैटिला 05 रोगियों में डेरिफाइलिन की मात्रा कम करने में उपयोगी रहा ।

एलोपैथिक दवाओं की मात्रा	उपचार पूर्व	रोगियों की संख्या* उपचार के पश्चात् कमी हुई	समाप्त
1. पफ	21	05	13
2. मुख से (श्वसनी विस्फरण)	28	02	22
3. प्रतिएलर्जित	05	02	03
4. प्रति खांसी	05	––	04
5. एण्टी बायोटिक	17	01	14
6. स्टीरोएड	06	01	05

* नए एवं पुराने रोगियों को शामिल करते हुए

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में भी यह अवलोकन किया गया कि उपचार के पश्चात् 17 रोगियों में एलोपैथिक एवं अन्य दवाओं पर निर्भरता कम हो गई तथा 18 रोगियों में इन दवाओं का सेवन रोक दिया गया । आर्सेनिक एल्बम 16 रोगियों में निर्भरता को समाप्त करने में सबसे अधिक प्रभावकारी औषधि रही । 18 रोगियों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत थी किन्तु उपचार के पश्चात् यह पाया गया कि इनमें से 12 रोगियों का अब भर्ती करने की जरूरत नहीं है ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

श्वसनी दमा में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का चिकित्सीय रूप से मूल्यांकन करना :

एम्ब्रा ग्रीसिया, कैलेडियम, कैसिया सोफेरा, कोका, ग्रिंडेलिया रोबस्टा, हाइड्रोसायनिक एसिड, काली क्लोरिकम, मोस्कस, नाजा ट्रिपुडियंस, पोथोसं फिटिडस ।

यह परियोजना गंगटोक एवं जेपोर स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	:	113
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	71

अवलोकन

कोका, मोस्कस, कैलेडियम, पोथेस, एम्ब्रोसिया, नाजा तथा ग्रिंडेलिया सबसे ज्यादा प्रभावकारी औषधियाँ रहीं । 14 रोगियों में से 9 रोगियों में इस लक्षण का सत्यापन हुआ कि खुजली–पित्तिका एवं कैलेडियम संबंधी दमा बारी–बारी से आते हैं ।

6. श्वसनी शोथ

(क) आदिवासी क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों का श्वसनी शोथ में चिकित्सीय प्रभावकारिता का मूल्यांकन :

एमोनिएकम डिरोनिया, एण्टीमोनियम आयोडेटम, युकैलिप्टस, जस्टीशिया एधाटोडा, काली आयोडेटम, लोबेलिया इन्फालाटा, लुफ्फा आपेर्कुलेटा, सेनेगा, सोलेनम एसिटिकम ।

यह अध्ययन चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), गंगटोक तथा जैपोर में जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययनरत रोगियों की संख्या	:	113
लाभान्वित रोगियों की संख्या	:	88

अवलोकन

श्वसनी शोथ में सेनेगा, लोबेलिया इन्फलाटा, जस्टीशिया एधाटोडा एवं एन्टीमोनियम आयोडेटस सबस अधिक प्रभावक
अवलोकित हुई है ।

7. ग्रीवा अस्थि संधि शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

निम्नलिखित औषधियों का ग्रीवा अस्थि संधि शोथ में चिकित्सीय मूल्यांकन :

एलम्स, एर्जेन्टम म्युरियाटिकम, आरम म्युरियाटिकम, कैल्थ्या पैलूस्टरिस, फैगोफाईरम, फ्लोरिकम एसिडम, हाइड्रास्टि हाइड्रोकोटाइल, थलैस्पाई बर्सापैस्टोरिस, उस्टिलेगों एवं वैस्पा क्रैब्रो ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

इस वर्ष 13 नए रोगियों को दर्ज किया गया । इनमें से 7 रोगियों में मिला–जुला सुधार (1 रोगी में सामान्य सुधार त 6 में अल्प सुधार) देखा गया तथा 5 रोगी उपचाराधीन हैं । एक रोगी उपचार के लिए फिर से नहीं आया ।

अवलोकन

ऐसा पाया गया कि ग्रीवा–जोड़ों में दर्द, सूजन एवं अकड़न चिकित्सीय रूप से, प्रभावकारी ढंग से एवं शीघ्र ही कम नियंत्रित हो गया किंन्तु रोगविज्ञान के साथ इसके परस्पर संबंध की जरूरत है क्योंकि रोगियों की संख्या तथा उनके अध्ययन अवधि काफी कम है । इन रोगियों में ये औषधियाँ उपयोगी रही – सिमिसिफयूगा, काली कार्बोनिकम तथा रस टॉक्स ।

8. गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई, शिमला में अप्रैल 1989 से, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, इम्फाल में अ 1989 से तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, तिरूपति में नवंबर 1988 से शुरू की है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	53	214
सुधार अनुक्रमणिका :		
– उपचारित	—	31
– अति सुधार	07	77

– मध्यम सुधार	21	57
– अल्प सुधार	03	12
कोई सुधार नहीं	01	—
बदतर	04	—

अवलोकन

अध्ययन के दौरान यह अवलोकित हुआ कि आर्सनिक एल्बम, बोरैक्स, लैकिसिस, सिपिया तथा पल्सैटिला आदि होम्योपैथिक औषधियों ने न केवल गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ के लक्षणों एवं चिन्हों को कम करने में सहायता दी बल्कि इन लक्षणों को समाप्त करने में भी यह औषधियाँ सहायक रही । रोगियों के सामान्य स्वास्थ्य में सुधार हुआ । रोगियों में अंडाशयी ट्यूमर, रेशेदार ट्यूमर तथा अनियमित मासिक–धर्म जैसी संबंधित शिकायतों का पूर्ण सुधार हुआ है ।

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सा मूल्यांकन :

एल्यूमिना, आर्सनिकम एल्बम, बोरेक्स, कैल्केरिया कार्बोनिकम, काली कार्बोनिकम, क्रिआजोट, लैकिसिस, मर्क्युरियस सोलुबिलिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, पल्सैटिला तथा सेपिया ।

चिकित्सा अनुसंधान इकाई (होम्यो.), तिरूपति 1995 से तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई (होम्यो.), वाराणसी 1990 से इस परियोजना पर कार्य कर रही हैं ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	88	65
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति	15	11
– मध्यम	33	29
– अल्प	24	19
कोई सुधार नहीं	08	02
अनुपस्थित	05	01
उपचाराधीन	03	03

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद
पुस्तकालय
परिग्रहण संख्या..6499
तारीख....14-8-2001
नई दिल्ली

अवलोकन

इस वर्ष वास्तविक और लक्षणों एवं चिन्हों को कम करने में आर्सनिक एल्बम, बोरैक्स, नैट्रम म्युरियाटिकम, कैल्केरिया कार्बोनिकम तथा सिपिया सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई । निर्धारित औषधियों के कुछ विश्वसनीय संकेतों की पुष्टि हो चुकी है किन्तु पुनः पुष्टि के लिए इनके सत्यापन की आवश्यकता है । 21 रोगियों (नए तथा पुराने दोनों) में फिर से रोग नहीं पनपा तथा 65 रोगियों में रोग कम वेग के साथ पनपा ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

निम्नलिखित औषधियों का गर्भाशय ग्रीवा अपरदन एवं शोथ में चिकित्सा मूल्यांकन :

एल्नस, एर्जेन्टम म्युरियाटिकम, आरम म्युरियाटिकम, कैल्था पैलूस्टरिस, फैगोपाईरम, फलोरिकम एसिडम, हाइड्रास्टि[s] हाइड्रोकोटाइल, थलैस्पाई बर्सापैस्टोरिस, उस्टिलेगो एवं वैस्पा क्रैब्रो ।

अवलोकन

वर्ष 1998–99 में 8 नए रोगियों का अध्ययन किया गया तथा इनमें से 07 रोगियों में मिला–जुला सुधार देखा गया । इ... रोगियों में हाइड्रास्टिस, फैगोपाईरम तथा उस्टिलेगो अधिक प्रभावकारी पाई गई ।

9. मधुमेह

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

सिफेलैण्डरा इंडिका, रहस ऐरोमेटिका तथा चियोनैन्थस ।

परिषद् ने यह परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल 1987 से, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, चेन्नई में अ... 1989 से तथा औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद विस्तार इकाई में जुलाई 1992 से शुरू की है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

सिफेलेण्डरा इंडिका :	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	83	110
(अ) मात्र होम्योपैथिक औषधि से उपचारित	41	48
(ब) होम्योपैथिक के साथ–साथ एलोपैथिक औषधि की सलाह वाले	42	62
सुधार अनुक्रमणिका :		
(अ) मात्र होम्योपैथिक औषधि से उपचारित		
– सुधार हुआ	30	32
– उपचाराधीन	11	16
(ब) होम्योपैथिक के साथ–साथ एलोपैथिक औषधि की सलाह वाले		
– सुधार हुआ	32	51
– उपचाराधीन	10	11

इसके अतिरिक्त, 32 रोगियों को रहस एरोमेटिका नियत किया गया जिनमें से 10 रोगियों में सुधार दिख रहा है तथा चूँकि रोगियों की संख्या बहुत कम है अतः लक्षणों का सत्यापन करना अभी बाकी है । 04 रोगियों को चियोनैन्थस नियत किया गया था जिनमें से 03 रोगियों में सुधार हुआ ।

अवलोकन

पंजीकृत किए गए रोगियों में अधिकांश मधुमेह–रोगी इंसूलिन पर निर्भर नहीं है । रोगियों को प्रत्येक दिन प्रति एक किलोग्राम शारीरिक वजन पर एक बूंद के हिसाब से सिफैलेण्डरा इंडिका की बराबर मात्रा दी गई तथा कुछ–कुछ देर पर रक्त एवं मूत्र शर्करा–स्तर की जाँच की जाती रही । परिसरीय–तंत्रिका विकृति विज्ञान के 10 रोगियों तथा सविरामी पिंडलीय कसाव के 07 रोगियों के स्वस्थ हो जाने का पता चला । ऐसे रोगी जिनको होम्योपैथी के साथ–साथ एलोपैथी की औषधियों के सेवन की भी सलाह दी गई ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

मधुमेह में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सा मूल्यांकन :

एब्रोमा आगस्टा, सिफैलेण्डरा इंडिका, चिमाफिला अम्बेलेटा, चियोनैन्थस, ग्लिसराईनम, इन्सूलिन, इनूला, लैक डिफ्लोरेटम, लैक्टिक एसिड, साइजिजियम जैम्बोलेनम, थायरोएडिनम एवं यूरेनियम नाइट्रिकम ।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), पांडिचेरी, सेलम एवं विजयवाड़ा में चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	160
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	45

अवलोकन

इस परियोजना में निर्धारित की गई औषधियों में से सिफैलेण्डरा इंडिका, इनसुलिनम, लैक्टिक एसिड, साइजैजियम जैम्बोलेनम तथा एब्रोमा आगस्टा प्रभावकारी पायी गई । सिफैलेण्डरा इंडिका 6 पोटेंसी में ज्यादा उपयोगी रही ।

10. शिशु दस्त रोग

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने अगस्त 1997 से, होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर में, बच्चों में दस्त की बीमारी में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता पर एक अध्ययन योजना शुरू की है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	50	43

सुधार अनुक्रमणिका :		
– उपचारित	46	39
– अति	01	---
अनुपस्थित	03	04

अवलोकन

उपचार की अवधि के दौरान 86 रोगियों में रोग का पुर्नप्रकटीकरण नहीं हुआ । लक्षणों एवं चिन्हों को कम करने में एकीरैन्थ Q, इगल फोलिया 3X, ईगल मार्मेलोस 3X, आर्सनिम एल्बम 30, चेमोमिला 30 तथा पोडोफाइलम 30 प्रभावकारी पाई गई । सकारात्म इ.एच./कृमि कोष के 77 रोगियों तथा ऐंस्केरियासिस के 16 रोगियों को उपचार के दौरान ठीक किया गया ।

11. पेचिश

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

अप्रैल 1988 से, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) गुडिवाडा में पेचिश में होम्योपैथिक औषधियो की प्रभावकारिता चिकित्सीय मूल्यांकन करने के लिए परिषद् द्वारा एक अध्ययन शुरू किया गया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	51	91
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	08	24
– मध्यम सुधार	10	32
– अल्प सुधार	19	24
उपचाराधीन	14	11

अवलोकन

जिन रोगियों का उपचार किया गया, वे सभी अमीबी पेचिश से पीड़ित थे । होम्योपैथिक औषधियॉ लक्षणों एवं चिन्हों को करने में सहायक रहीं तथा इन्होंने तीक्ष्ण प्रवेग को भी नियंत्रित किया । फिर से विकृतिजन्य जॉच करने पर पाया गया कि 68 रोगि में हिमाग्लोबिन का प्रतिशत बढ़ा तथा 10 रोगियों में इ.एस.आर. सामान्य सीमा तक कम हुई । 68 रोगियों में एण्टोमीबा हिस्टोलि सिस्ट के लक्षण नहीं पाए गए । नक्स वोमिका, लाइकोपोडियम तथा सल्फर दीर्घकालिक रोगियों में ज्यादा प्रभावकारी रहीं तथा ती रोगों में मर्क्यूरियस सोल्यूबिलिस एवं एलो सोकोट्रिना ने सबसे अच्छा परिणाम दिखाया ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

पेचिश रोगियो में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन:

एल्सटोनिया कंस्ट्रीक्टा, एम्ब्रोसिया, एस्कलेपियास ट्यूब्रोसा, एटिस्टा इंडिका, साइनोडोन डैक्टाइलोन, एमिटाइन, फाइ इंडिका, हेलेबोरस, होलेर्हेना एंटिडाइसेंटेरिका, लेप्टेण्डरा, सिल्फियम, राफेनस, ट्रोम्बिडियम, जेन्थोसाइलम तथा जिंकम सल्फ्यूरिक

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाइयॉ (आदिवासी), ऐजवाल, भारूच, लेह, शिलोंग, विजयवाडा तथा सिलिगुड़ि में ली गई है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	337
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	268

अवलोकन

साइनोडोन डैक्टाइलोन (दूब घास), एटिस्टा इंडिका (बानिंबु), तथा होलेर्हिना एण्टीडायसैण्टेरिका (कुरची) आदि भारतीय औषधियॉ सबसे अधिक प्रभावकारी रहीं तथा लाभान्वित रोगियों में से 80 प्रतिशत रोगियों को इनसे ही लाभ हुआ । इनके अलावा ट्रोम्बिडियम, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, लेप्टेण्डरा तथा एमिटाइन भी प्रभावकारी रही ।

12. अपस्मार

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में 1980 से तथा क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अप्रैल, 1988 से यह परियोजना शुरू की है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	47	39
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	12	08
– मध्यम सुधार	02	07
– अल्प सुधार	16	19
कोई सुधार नहीं	---	05
अनुपस्थित	07	---
उपचाराधीन	09	---
बदतर	01	---

अवलोकन

होम्योपैथिक औषधियॉ अपस्मार के लक्षणों एवं चिन्हों को कम करने में ही सिर्फ सहायक नहीं रहीं बल्कि इसके प्रवेगी दौरों की अवधि, तीव्रता एवं संख्या को कम करने तथा समाप्त करने में भी सहायक सिद्ध हुई । अपस्मार के उपचार में बैलाडोना, स्ट्रेमोनियम, क्यूप्रम मेटालिकम, जेल्सेमियम, नैट्रम म्यूरियाटिकम, सल्फर, कैल्केरिया कार्बोनिकम तथा सिक्यूटा विरोसा प्रभावकारी रहीं । 20 रोगियों में उपचार के दौरान अपस्मार के दौरे फिरे से नहीं आए ।

13. फाइलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

चिकित्सा अनुसंधान इकाई तिरूपति में 1980 से फाइलेरिया पर रोगोन्मुखी अनुसंधान शुरू किया गया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	60	77
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ	––	14
– अति सुधार	09	13
– मध्यम सुधार	14	21
– अल्प सुधार	21	18
कोई सुधार नहीं	05	11
उपचाराधीन	11	––

अवलोकन

सबसे अधिक निर्दिष्ट औषधियों के विश्वसनीय संकेतों की जाँच कर ली गई है । रहस टॉक्सीकोडेंड्रोन तथा ब्रायोनिया ए ने कई रोगियों के फाइलेरिया से संबंधित रोगों को कम करने में सहायता ही नहीं दी बल्कि प्रकोप की तीव्रता को कम करने तथा को समाप्त करने में भी सहायता प्रदान की । इस उपचार से लिंफोडेमा, विशेष रूप से दाबनिम्नता प्रकार के, का भी प्रारंभिक अवस् में इलाज किया जा सकता है । अदाबनिम्नता तथा एलिफैंटियासिस में, जलोदर सूजन कुछ हद तक ही कम हुआ ।

वास्तविक लक्षणों का मूल्यांकन:

	उपचार से पूर्व	उपचार के पश्चात् (समाप्त हो ग
जलोदन सूजन वर्ग–I	41	23
जलोदर सूजन वर्ग–II	54	13
लसीकापर्व सूजन	102	36
लसीकापर्व शोथ	102	36

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम, मर्क्यूरियस सोल्युब्लिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, पल्सेटि रोहडोडेण्डरान, रहस टॉक्सीकोडेण्ड्रोन तथा सल्फर ।

यह परियोजना होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, पुरी में 1981 से तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाड़ा में 1985–86 जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	577	627
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	––	324
– मध्यम सुधार	––	141
– अल्प सुधार	12	108
– कोई सुधार नहीं	––	46
– उपचाराधीन	562	08
– अनुपस्थित	03	––

अवलोकन

फाईलेरियासिस एक चिरकारी रोग है जिसमें तीव्र प्रवेग आते रहते हैं एवं इसका उपचार लंबी अवधि तक चलता है तथा रोगियों को लगातार संपर्क में रहना पड़ता है । 1998–99 में 627 पुराने रोगियों के मूल्यांकन से पता चला कि इस रोग के, विशेषकर तीक्ष्ण रोगों में, लक्षणों एवं चिन्हों में बहुत ज्यादा सुधार आया । 1 माह से 5 वर्षों तक चले उपचार के दौरान 91 प्रतिशत रोगियों में कुल मिलाकर मिला–जुला सुधार देखा गया । तीक्ष्ण फाइलेरिया रोगियों पर, बिना किसी बदलाव के, होम्योपैथिक उपचार का अच्छा प्रभाव पड़ा । दीर्घकालिक एवं तीव्र, दोनों ही प्रकार के रोगियों में उपचार से लाक्षणिक सुधार आया – 91.36 प्रतिशत रोगियों में ज्वर समाप्त हो गया । 93.11 प्रतिशत रोगियों में लसीकापर्व शोथ तथा 92 प्रतिशत रोगियों में लसीकापर्व शोथ समाप्त हो गया । सबसे उल्लेखनीय सुधार लिंफोडेमा वर्ग–I में देखा गया जो 98 प्रतिशत रोगियों में पूर्णतः समाप्त हो गया । लिंफोडेमा वर्ग–II के 66.21 प्रतिशत रोगियों में सुधार पाया गया । हाइड्रोसील से संबंधित फाइलेरियासिस के 83.33 प्रतिशत रोगियों में सुधार देखा गया । अपरिवर्तनीय बदलावों के कारण, एलिफैंटियासिस वाले दीर्घकालिक रोगियों में उपचार का परिणाम सीमित रहा जबकि तीव्र दौरों वाले कई मामलों में उल्लेखनीय कमी देखी गई । एलिफैंटॉयड पाँव में गौण त्वचा रोग के साथ–साथ फाइलेरिया संबंधी दर्द भी समाप्त हो गया । भारीपन के एहसास में भी कमी आई तथा अब रोगी पहले के मुताबिक ज्यादा अच्छी तरह अपना दैनिक कार्य करने में सक्षम था । तीव्र तथा दीर्घकालिक, दोनों ही प्रकार के लाभान्वित रोगियों में से लगभग 70 प्रतिशत रोगियों को रहस टॉक्स, ब्रायोनिया एल्बा, एपिस मेलिफिका तथा सल्फर से लाभ पहुँचा तथा बार–बार होने वाले प्रकोप को रोकने हेतु मध्यमा औषधियों सल्फर, सोराईनम, थूजा, मिडोराईनम तथा सिफिलाईनम की आवश्यकता रहती है ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

फाइलेरिया में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन :

एपिस मेलिफिका, बैलाडोना, ब्रायोनिया एल्बा, लाइकोपोडियम, मर्क्यूरियस सोल्यूब्लिस, माइक्रोफाइलेरिया, नैट्रम म्युरियाटिकम, रोडोडेंड्रोन, रहस टॉक्सीकोडेंड्रोन, कोडेड औषधि ।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), राँची में जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या	–	52
लाभान्वित रोगियों की संख्या	–	18

अवलोकन

निर्धारित औषधियों में से 30 और 200 पोटेंसी में ब्रायोनिया एल्बा सबसे अधिक उपयोगी औषधि रही । 18 लाभान्वित रोगियों में से 14 रोगी सिर्फ ब्रायोनिया से उपचारित किए गए ।

14. पित्तीय पथरी

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

पित्तीय पथरी के उपचार में एक अप्राप्य औषधि फैल टौरी के लाभदायक परिणामों के बारे में उल्लेख है। यह पित्ताश्मरी की समाप्ति अथवा उसके आकार में कमी लाने में भी मदद करता है। इसकी प्रभावकारिता का चिकित्सीय मूल्यांकन हेतु, परिषद् ने जनवरी 1990 से, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में यह परियोजना शुरू की है।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	50	21
औषधि – फैल टौरी 3 एक्स		
मात्रा – एक गोली दिन में तीन बार		
सुधार अनुक्रमणिका :		
– मध्यम सुधार	01	09
– अल्प सुधार	40	12
अनुपस्थित	07	—
उपचाराधीन	02	—

अवलोकन

इस वर्ष 21 पुराने तथा 50 नए रोगियों का अध्ययन किया गया। दर्द के तीक्ष्ण प्रकोपों की बारंबारता तथा फॉस्फोरिका 200 से नियंत्रित की जा चुकी है। इसके लक्षणों एवं चिन्हों को समाप्त करने में फैल टौरी सहायक रही है से इलाज करवा रहे 10 रोगियों में फिर से अल्ट्रासाउंड करवाने पर सुधार पाया गया। इनमें से दो रोगियों में पथरियों की से घट कर कुछ रह गई, दों रोगियों में पथरियों की संख्या बहुतों से घट कर दो पथरियाँ रह गई तथा 06 रोगियों में पथरि में कमी आई। इसके अतिरिक्त उपचार की अवधि में पित्ताश्य शोथ के 03 रोगियो तथा एक तीक्ष्ण एवं दो दीर्घकालि सुधार देखा गया।

15. आमाश्य शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

यह अध्ययन चिकित्सा अनुसंधान इकाई, इम्फाल में अक्तूबर 1987 से चल रहा है।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	20
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अति सुधार	04
– मध्यम सुधार	08
– अल्प सुधार	05

अवलोकन

इस परियोजना के अंतर्गत दर्ज किए गए रोगी दीर्घकालिक आमाश्य शोथ के मरीज हैं। इसमें प्रभावकारी पाई गई औषधियाँ हैं – एनाकार्डियम, नक्स वोमिका, आर्सेनिक एल्बम तथा फॉस्फोरस। इन औषधियों ने लक्षणों एवं चिन्हों को समाप्त करने में सहायता दी तथा 07 रोगियों में कम तीव्रता के साथ रोग फिर से पनपा।

16. जठरांत्र शोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

जठरांत्र शोथ में निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता का चिकित्सीय मूल्यांकन :

साइनोडोन डैक्टाइलोन, गैम्बोजिया, जलापा, जैट्रोफा, पोडोफाइलम।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), इद्दूकी में जारी है।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	20
लाभान्वित रोगियों की संख्या	09

अवलोकन

वर्ष 1998–99 के दौरान निर्धारित औषधियों में से मात्र तीन औषधियों को नुस्खों में लिखा गया जिनमें से गैंबोगिया सबसे अधिक प्रभावकारी रही। इस औषधि ने 9 में से 7 रोगियों में सुधार किया।

17. जियार्डिया रूग्णता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

परिषद् ने जियार्डिया रूग्णता में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का पता लगाने के लिए चिकित्सा अनुसंधान इकाई, तिरूपति, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, गुवाहाटी तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर में अगस्त 1997 से एक अध्ययन शुरू किया है।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	25
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अति सुधार	19
– मध्यम सुधार	03
– अल्प सुधार	03

अवलोकन

इस रोग के लक्षणों एवं चिन्हों को समाप्त करने में होम्योपैथिक औषधियाँ, जैसे एटिस्टा इंडिका, चाइना, पोडोफाइलम तथा सल्फर उपयोगी रहीं । उपचार के पश्चात् 19 रोगियों में जियार्डिया लैंब्लिया समाप्त हो गया किंतु ये रोगी अभी भी संपर्क में हैं ।

18. कृमिरूग्णता

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

चिलोन ग्लैब्रा, सिना, क्युप्रम ऑक्सीडेटम नाइग्रम, एम्बैलिया राइब्स, टयुक्रियम मेरम वेरम तथा थाइमोल ।

चिकित्सा अनुसंधान इकाई, बहादुरगढ़ में 1980 से, चिकित्सा अनुसंधान इकाई गुवाहाटी में 1984 से तथा चिकित्सा अनुसंधान व महामारी सेल, भोपाल में 1987 से यह परियोजना जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये
रोगियों की संख्या	158

अवलोकन

निर्धारित औषधियों ने 14 रोगियों में गोल कृमियों को निष्कासित करने में मदद की । 79 रोगियों में शिकायतें नहीं पनपीं तथा 17 रोगियों में शिकायतें कुछ कम तीव्रता के साथ पनपीं ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

कृमिरूग्णता में निम्नलिखित औषधियों के प्रभाव का चिकित्सीय मूल्यांकन :

चिलोन, एम्बैलिया राइब्स, फिलिक्स मास, ग्रेनेटम, कोसो, सेण्टोनिनम, स्किरहिनम, साइनैपिस एल्बा, थायमोल, वेरनोनिया एंथेलमिंटिका ।

यह परियोजना सेलम, भरमौर, डिफू, दीमापुर, ईटानगर, जैपोर, थोबल (मणिपुर) तथा गंगटोक स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	578
लाभान्वित रोगियों की संख्या	372

अवलोकन

इस वर्ष सबसे ज्यादा प्रभावकारी पायी जाने वाली औषधियाँ निम्नलिखित थीं – सेण्टोनिनम, फिलिक्स मास, सिनापिस एल्बा, ग्रेनाटम, एम्बेलिया राइब्स तथा वेरनोनिया एंथेल्मिण्टिका । लाभान्वित रोगियों में से 76.8 प्रतिशत रोगियों को इन्हीं औषधियों से लाभ पहुँचा ।

19. जिगरशोथ (बी0)

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में अगस्त, 1997 से यह परियोजना शुरू की गई । भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के निर्देशन पर यह परिपत्र तैयार किया गया है ।

अवलोकन

वर्ष 1998–99 के दौरान एच.बी.वी. से संक्रमित तीन रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से एक रोगी जो बच्ची थी, (उम्र 10 वर्ष तथा बीमारी की अवधि 3 महीने से कम) के संक्रमण का कारण स्पष्ट नहीं था । उस बच्ची के यकृत ने सामान्य तरीके से कार्य करना शुरू कर दिया तथा चिकित्सीय पीलिया में उल्लेखनीय सुधार हुआ । संस्थान तथा बाहर की प्रयोगशाला में हिमाग्लोबिन की फिर से जांच हुई तथा यह निगेटिव पाया गया (उपचार के 6 माह के भीतर ही) ।

2 पुरूष रोगियों में से एक रोगी पूर्णतः लक्षणमुक्त पाया गया किन्तु दोनों ही रोगी रोगवाहक बने रहे । चूंकि सिर्फ तीन रोगियों पर जाँच चली और वह भी सीमित समय तक ही, इसीलिए किसी निष्कर्ष तक पहुँचना कठिन है ।

20. एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक उपचार का मूल्यांकन

एच.आई.वी एक रिट्रोवायरस है जो मनुष्यों में इम्युनो ह्रास की अवस्था पैदा कर, इम्युनो ह्रास लक्षण समूह को उत्पन्न क
है जिसकी विशेषता है अवसरवादी संक्रमणों/कैंसर जैसे कि कैपोसी सार्कोमा और/अथवा नान–हाजकिस लिम्फोमा का बनना ।
संक्रमण प्रकृति से नष्टकारी है एवं प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोग में मृत्यु दर 90 प्रतिशत है ।

1981 में संयुक्त राज्य अमेरिका में एच.आई.वी. के पहले मामले के प्रकाश में आने के बाद से अव तक विश्व भर में ल
4 करोड़ लोग एच.आई.वी. से संक्रमित हो चुके हैं । संभावना है कि वर्ष 2000 तक विश्व भर में 5 करोड से ज्यादा लोग एच.आ
वी. से संक्रमित हो चुके होंगे । एच.आई.वी./एड्स महामारी से बहुत से देशों, विशेषकर अफ्रीका एवं अफ्रीका के उप सहारा क्षेत्र
स्थित देशों में आर्थिक रूप से उत्पादक लगभग सारी पुरुष आबादी नष्ट हो चूकी है तथा बहुत बडी संख्या में अनाथ एवं वि
ही बची हैं । बहुत से देशों को अपनी आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिकताओं को संशोधित करना पडा है ।

अफ्रीका के उप–सहारा क्षेत्रों में वयस्कों की मृत्यु का प्रमुख कारण एड्स है । विशेष रूप से दक्षिण एवं मध्य अफ्रीका त
दक्षिण एवं दक्षिण–पूर्व एशिया में एच.आई.वी. संक्रमण की निरंतर वृद्धि से विकासशील देशों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है । एच.आ
वी. संक्रमण के प्रकाश में आए मामलों में से लगभग 90 प्रतिशत मामले विकासशील देशों में पाए गए हैं ।

भारत में हालांकि विश्व के अन्य देशों की अपेक्षा बहुत देर से 1986 में एच.आई.वी. का पहला मामला प्रकाश में आया कि
देश के विभिन्न भागों में इसका फैलाव बहुत तेजी से हुआ । अनुमान है कि देश में लगभग 40 लाख लोग एच.आई.वी. से संक्रमि
हो चुके हैं । उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि प्रत्येक मिनट 2 व्यक्ति एच.आई.वी. से संक्रमित हो रहे हैं । विश्व स्वास्थ्य संस्थान
संयुक्त राष्ट्र एड्स कार्यक्रम के सबसे अधिक संख्या में हो जायेंगे ।

प्रभावित व्यक्तियों में से अधिकांश व्यक्ति अलाक्षणिक अवस्था से गुजर रहे हैं एवं आने वाले वर्षों में लक्षण उभरने प्रा
होंगे । इस रोग के विस्तार महत्व को ध्यान में रखते हुए सभी चिकित्सीय साधनों को जुटाया एवं संजोया जा रहा है । भारत सर
के निर्णयानुसार परिषद् ने 1989 से इस रोग पर अध्ययन प्रारंभ किया है ।

अनुसंधान संबंधी अध्ययन क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई (मई, 1989) एवं चिकित्सा अनुसंधान इकाई, चैन्नई (अक्टू
1991) में एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक चिकित्सा के महत्व को जांचने के लिए प्रारंभ किये गये हैं ।

1989–99 वर्ष से पूर्व किये गये कार्य का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च, 1998 तक अलाक्षणिक अवस्था के 683 रोगी पंजीकृत किये जा चुके हैं इनमें से 326 रोगी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्था
मुंबई में 344 रोगी, 13 रोगी नई दिल्ली में पंजीकृत किये जा चुके हैं । सभी रोगी एलाईजा पोजीटिव थे जिनमें से 243 रोगियों में वेस्ट
ब्लाट दवारा पुष्टि की गई जिनमें एच.आई.वी. संक्रमण पाया गया ।

वर्ष 1998–99 की उपलब्धियाँ

वर्ष 1998–99 के दौरान 146 रोगी पंजीकृत किये गये जिनमें से 34 रोगी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मुंबई में, 69 रो
चिकित्सा अनुसंधान इकाई, चैन्नई में तथा 43 रोगी नई दिल्ली में पंजीकृत किये गये । संक्रमण ग्रहण करने के संभावित तरीकों
विवरण इस प्रकार है :

तालिका – 1

	रोगियों की संख्या
यौन संबंध	
– असामान्य लैंगिक संबंधों से	126
– समलैंगिक संबंधों से	03
रक्त परिसरण	04
संक्रमित सुइयों एवं सिरिंज से	02
मातृ शिशु	07
अन्य (अज्ञात)	04
योग	146

तालिका – 2

	सी.डी.सी. वर्गीकरण/रोग स्तर	पंजीकरण के समय
अवस्था – 1	सीरो कनवर्जन	01
अवस्था – 2	अलाक्षणिक	80
अवस्था – 3	व्यापक लसीका पूर्व सूजन	16
अवस्था – 4	(क) एड्स संबंधित काम्पलैक्स (आर्क)	46
अवस्था – 4	(ख) आर्क या एड्स के साथ स्नायुविक लक्षण	–
अवस्था – 4	(ग) अवसरवादी संक्रमण	03
अवस्था – 4	(ध) कैंसर	–
अवस्था – 4	(ड.) अन्य रोग स्थितियाँ	–
	योग	146

80 रोगी जो अलाक्षणिक थे, को विशिष्ट व्यवहार प्रकृति के आधार पर होम्योपैथिक चिकित्सा प्रदान की गई हैं । 66 रोगियों में चिकित्सीय लक्षणों के आधार पर उदाहरण के लिये सीरो कनवर्जन (1) लसीका पर्व सूजन (12) एड्स काम्पलैक्स (46) अवसरवादी संक्रमण (3) रोगियों को चिकित्सा प्रदान की गई ।

परिणाम

मई 1989 से मार्च 1990 के दौरान एच.आई.वी./एड्स के 829 रोगियों को पंजीकृत किया गया जिनमें से 422 रोगी छोड़कर चले गये । 407 रोगियों का इलाज चल रहा था । 407 रोगियों में से (162 मुंबई, 145 चैन्नई एवं 37 नई दिल्ली) अलाक्षणिक रोगी थे । मुंबई एवं नई दिल्ली का पंजीकरण के दौरान 199 में से 116 अलाक्षणिक रोगी थे । 35 रोगियों में संक्रमण में वृद्धि पाई गई है । आर्क के दिल्ली में पंजीकृत 12 में से 11 रोगी चिकित्सा के बाद लक्षणहीन अवस्था में परिवर्तित हुए । एक रोगी में आर्क से एड्स की अवस्था का निर्माण हुआ । मुंबई में वर्ष में दो रोगी एड्स जनित जटिलताओं के कारण मृत्यु को प्राप्त हुआ । अध्ययन के आरंभ से अब तक 8 रोगियों की मृत्यु हुई है (एक आत्महत्या का रोगी शामिल है) ।

तालिका – 3

	सी.डी.सी. वर्गीकरण / रोग स्तर	पंजीकरण के समय	अध्ययन के दौरान
अवस्था – 1	सीरो कनवर्जन	–	--
अवस्था – 2	अलाक्षणिक	116	81
अवस्था – 3	व्यापक लसीका पूर्व सूजन	27	53
अवस्था – 4	(क) एड्स संबंधित काम्पलैक्स (आर्क)	52	47
अवस्था – 4	(ख) आर्क या एड्स के साथ स्नायुविक लक्षण	–	–
अवस्था – 4	(ग) अवसरवादी संक्रमण (एड्स के साथ)	01	01
अवस्था – 4	(ध) कैंसर	–	–
अवस्था – 4	(ड.) अन्य रोग स्थितियाँ	03	02
	मृत्यु	–	02
	छोड़कर चले गये	–	13
	योग	199	199

* ये आंकड़े मुंबई के अध्ययन के हैं । चैन्नई के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

होम्योपैथिक औषधियाँ जो प्रभावकारी पाई गई

निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियाँ अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई :

एकोनाइटिम नेपेलस, एसिडम फॉस्फोरिकम, एमेल्यिम निट्रोसम, आर्सनिकम एल्बम, अजैदिरैक्ता इंडिका, बरायटा कार्बोनि… बैलाडोना, बरोमियम, कल्केरिया कार्बोनिकम, कल्केरिया फ्लोरिकम, कल्केरिया आयोडेटम, कल्केरिया फॉस्फोरिकम, कल्केरिया सल्फ्यूरि… कैन्थरिस, कास्टिकम, चाईना आफिसिनेलिस, कोलोसिन्थिस, हैलोबोरस, हिपर सल्फ्यूरिकम, काली कार्बोनिकम, लैकेसिस, लाईकोपोडि… क्लेवेटम, मैडोरिनम, मर्कयुरियस सोल्युविलिस, नैट्रम म्युरियाटिकम, नैट्रम सल्फयुरिकम, नाईट्रिक एसिडम, नक्स वोमिका, फॉस्फो… पलंबम आयोडेटम, पल्सैटिला, रहस टॉक्सीकोडेन्डरान, साईलिशिया, स्टेफिसगेरिया, सल्फर, सिफिलिनम, थुजा आक्सीडेन्टिलिस… टयुर्बकुलाइनम ।

औषधियों को 30 से 10 एम. पौटेन्सी में रोग अवस्था, आयु इत्यादि के आधार पर दिया गया ।

चर्चा एवं अवलोकन

इस क्रम में यह दृष्टिगत् हुआ है कि जो रोगी अन्य संक्रमणों जैसे कि कैंडिडा संक्रमण, खांसी, कमजोरी, वजन कम इ… से पीड़ित थे, उनमें होम्योपैथिक चिकित्सा से सुधार हुआ है । अभी तक जो आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उत्साहवर्धक हैं । चिकित्सा के दौ… किसी प्रकार के कोई दुष्परिणाम दृष्टिगत् नहीं हुए हैं ।

अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि होम्योपैथिक औषधियों जैवकाए क्रियाओं को बेहतर एवं सुधार करने में प्रभावकारी हैं एवं सं… के विकास को धीमा करती है । एच.आई.वी. रोग के विरूद्ध होम्योपैथिक रोग साध्यकता निर्माण करने में यह अवलोकन मह… है ।

निष्कर्ष

अध्ययन से ज्ञात जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि होम्योपैथिक औषधियाँ रोगी के जीवन… में सुधार एवं एच.आई.वी. पीड़ित रोगियों के संक्रमण में बिना किसी दुष्प्रभावों के नियंत्रण में लाभकारी हैं ।

भावी योजना

परिषद् ने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय में एक अनुसंधान लैबोरेट्री स्थापित की है । लैबोरेट्री में मुंबई एवं नई दिल्ली… प्राप्त नमूनों की सीरोजिकल जांच की जा रही है । इन जांचों की तुलना चिकित्सीय अवस्था से की जायेगी । चूंकि संक्रमण… अवधि तक सुप्त अवस्था में रहता है । अतः अध्ययन को जारी रखा गया है ।

21. अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में अप्रैल, 1992 से एक अध्ययन शुरू किया गया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	28	20
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	04	01
– मध्यम सुधार	09	09
– अल्प सुधार	15	10

	रोगियों की संख्या	
	उपचार पूर्व	उपचार पश्चात्
200 मि.ग्रा. / 100 मि.ली. से अधिक	28	20
150 मि.ग्रा. / 100 मि.ली. से अधिक	14	07
50 मि.ग्रा. / 100 मि.ली. से अधिक	11	09
35 मि.ग्रा. / 100 मि.ली. से कम	02	01

जैसा कि उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है, अध्ययन से प्राप्त परिणाम उत्साहवर्द्धक हैं तथा अति निम्न घनत्व लाईपोप्रोटीनिमिया के उपचार में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता को पुष्ट करते हैं । चिकित्सीय–विकृतिजनन जाँचों के परिणामों में सुधार के साथ ही इस रोग से संबंधित शिकायतें भी दूर हो गईं तथा रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ । एब्रोमा अगस्टा, ब्रायोनिया, लाइकोपोडियम, नक्स वोमिका, पल्सैटिला तथा सल्फर प्रभावकारी औषधियाँ रहीं ।

22. उच्च रक्तचाप

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

यह परियोजना अप्रैल 1990 से औषधि मानकीकरण इकाई, हैदराबाद की विस्तार इकाई में चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	20	59
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	––	07
– मध्यम सुधार	––	10
– अल्प सुधार	––	42
उपचाराधीन	20	––

उपचार का माध्यम

	रोगियों की दी गई	प्रभावकारी
(1) केवल होम्योपैथिक औषधियाँ	26	26
(2) होम्योपैथिक के साथ–साथ अन्य/ एलोपैथिक औषधियों की भी सलाह		
(क) कम मात्रा में	––	03
(ख) कोई सलाह नहीं	––	25

अवलोकन

पिछले 1 साल से लेकर 8 साल 7 माह से 59 रोगियों का अध्ययन किया जा रहा है । इन रोगियों का रक्तचाप Hg के 140 से 190 मि0मी0 प्रकुंचन तथा Hg के 90 से 110 मि0मी0 अनुप्रंकचन तक था । इन रोगियों में से दस रोगी अब सामान्य श्रेणी में हैं अर्थात् Hg के 130 से 160 मि0मी0 प्रकंचन तथा Hg के 80 से 100 मि0मी अनुप्रकंचन । तीन रोगी होम्योपैथिक औषधियों के साथ–साथ एलोपैथिक औषधियाँ भी ले रहे थे । इन रोगियों द्वारा ली जाने वाली एलोपैथिक औषधियों की मात्रा कम हो गई है । एलियम सेटाईवम बेरिटा मुरियाटिकम, ब्रायोनिया, लाइकोपोडियम, एल्सैटिला, रावोल्फिया सर्प0 तथा स्पार्टियम आ:दि होम्योपैथिक औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई ।

23. सविरामी ज्वर

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा अनुसंधान झाकई, पोर्ट ब्लेयर में 1989 से तथा होम्योपैथिक अनुसंधान इकाई, जयपुर में 1993 से परिषद् ने यह परियोजना शुरू की । सविरामी ज्वर में अत्यंत प्रभावकारी पायी जानी वाली औषधियों की विश्वस्त संकेतों के साथ पहचान की गई । बाद में यह अध्ययन औषधोन्मुखी परियोजना के रूप में चलाया गया किन्तु 1997–98 से, के.हो.अ.प. की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 29वीं बैठक में लिए गए सुझावों के अनुसार इस परियोजना को एक नया रूप दिया गया है । अब निम्नलिखित स्तरों पर हैनिमन अवधारणा पर यह अध्ययन शुरू किया गया है :

(1) छिटपुट या महामारी
(2) आर्द्रता रहित क्षेत्रों में महामारी
(3) घातक सविरामी ज्वर (आर्द्र रहित क्षेत्र)
(4) आर्द्र क्षेत्रों में स्थानिक (क्षेत्रीय)

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	101	55
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ	36	45
– अति सुधार	37	06
– मध्यम सुधार	15	02
– अल्प सुधार	10	02
– अनुपस्थित	03	––

अवलोकन

अध्ययन के दौरान पाया गया कि दर्ज किए गए सभी रोगी छिटपुट प्रकार के थे उपचार के पहले 12 रोगियों में मलेरिया संबंधी परजीवी थे जबकि उपचार के पश्चात् किसी में ये परजीवी नहीं पाए गए । विशेष औषधियों के अलावा स्वदेश में बनी एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, निक्टेन्थेस एरबोर्ट्रिस्टिस तथा सिसलपेनिया बोंड्यूसेला आदि औषधियों ने सकारात्मक परिणाम दिया है किन्तु इनका और सत्यापन किया जाना है । यह परियोजना अभी जारी रहेगी ।

24. उत्तेजनीय आँत संलक्षण

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

यह परियोजना अप्रैल 1992 से क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में तथा 1998–99 से चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर में चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	24
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अति सुधार	01
– मध्यम सुधार	18
– अल्प सुधार	05

अवलोकन

वर्ष 1998–99 के दौरान अध्ययन के लिए 24 नए रोगियों को दर्ज किया गया । इनमें से 1 रोगी में अत्यंत सुधार लक्षित हुआ जबकि 18 रोगियों में मध्यम तथा 05 रोगियों में अल्प सुधार देखा गया । इस रोग के लक्षणों एवं चिन्हों को नियंत्रित करने में होम्योपैथी प्रभावकारी सिद्ध हुई है । हालांकि विकृतिजनन द्वारा इसका सत्यापन किया जाना शेष है । यह परियोजना अभी जारी रहेगी ।

25. लौह की कमी से अनीमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

लौह की कमी से अनीमिया में सबसे प्रभावकारी औषधियों का पता चलाने के लिए अप्रैल 1992 से क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में परिषद् द्वारा एक अध्ययन शुरु किया गया । यह अध्ययन अभी जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	57	10
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	06	03
– मध्यम सुधार	18	05
– अल्प सुधार	07	01
कोई सुधार नहीं	02	01
अनुपस्थित	17	--
उपचाराधीन	07	--

अवलोकन

यह पाया गया कि कैल्केरिया फ्लोरिकम 30, आर्सेनिक एल्बम 30,200, सल्फर 30, 1 एम., नैट्रम म्युरियाटिकम 30, 200, 1 एम., फॉस्फोरस 30 में से दस रोगियों के हिमाग्लोबिन प्रतिशत में 1 ग्राम तक की बढ़ोतरी हुई । आठ रोगियों में फेरम मेटालिकम 30, नैट्रम म्युरियाटिकम 30, 200, 1 एम, तथा पल्सैटिला 30, 1 एम. से हिर्मालोबिन प्रतिशतता में 2 ग्राम तक की वृद्धि हुई । लाईकोपोडियम 30, 200, 1 एम., नक्स वोमिका 30, फॉस्फोरस 30 तथा कैल्केरिया कार्बोनिकम 30, 200, 1 एम. से 03 रोगियों के हिमोग्लोबिन प्रतिशत में 4 ग्राम तक की वृद्धि हुई । ये सुधार उपचार के दौरान 2 से 3 माह तक की अवधि में हुआ ।

26. जापानी इन्सेफलाइटिस

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

पूर्वी. उत्तरप्रदेश (जहाँ जापानी इन्सेफलाइटिस महामारी की तरह फैली हुई है) के गोरखपुर जिले में दिसंबर 1997 से प्रारंभिक एवं नियंत्रित अध्ययन शुरू किया गया है । इसका उद्देश्य के.हो.अ.प. द्वारा 1991 में किए गए अध्ययन को ध्यान में रखते हुए, जापानी इंसेफलाइटिस में रोगरोधक के रूप में बैलाडोना 200 के प्रभाव को देखना है । इस अध्ययन के लिए एक आनुसंधानिक रूपरेखा तैयार कर ली गई है ।

यह अध्ययन शुरूआत में दो गाँवों तक ही सीमित था । (जहाँ पिछली महामारियों में जापानी इंसेफलाइटिस का घनत्व बहुत ज्यादा था) । सभी स्कूली बच्चों को रोग प्रतिरोधक बैलाडोना (मात्रा 200 एक खुराक / साप्ताहिक / मासिक, रोगाधिक्य मौसम से एक माह पूर्व) दिया गया । इसी के साथ दो पड़ोसी गाँवों (नियंत्रण के रूप में) का सर्वेक्षण किया गया । 3 माह तक नियमित रूप से दोनों ही समूहों में साप्ताहिक जाँच किए गए (रोगरोधन एवं नियंत्रण समूह) । 12460 बच्चों को रोग प्रतिरोधक औषधियाँ दी गई तथा 6222 बच्चों को नियंत्रण औषधि दी गई । यह पाया गया कि जिन बच्चों को रोग प्रतिरोधक औषधि दी गई थी, उनमें से किसी को भी जापानी इंसेफलाइटिस नहीं हुआ जबकि नियंत्रण औषधि जिस समूह में दी गई उसमें एक बच्चे में जापानी इंसेफलाइटिस के लक्षण पाए गए ।

किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए यह आँकड़ा पर्याप्त नहीं है । हो सकता है और महामारी रिपोर्टो से बैलाडोना की रोग प्रतिरोधक उपयोगिता का सत्यापन हो पाए ।

27. मलेरिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने 1979 से होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर में यह अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	100	71
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ	75	60
– अति सुधार	20	04
– मध्यम सुधार	03	05
– अल्प सुधार	02	02

अवलोकन

संस्थान में दर्ज किए रोगियों में से अधिकांश रोगी प्लाज्मोडियम वाइवैक्स प्रकार के थे । एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, आर्सेनिक एल्बम, सिसलपेनिया बोंड्यूसेला तथा निक्टेन्थेस एर्बोर्ट्रिस्टिस अधिक प्रभावकारी औषधियाँ रहीं यह पाया गया कि क्लोरोक्विन से उपचार कराने वाले रोगियों की तुलना में, हाल के रोगियों में उपचार की अनुक्रिया बहुत पहले होने लगी ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

मलेरिया में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकनः

मलेरिया आफिसिनालिस, एल्सटोनिया कंस्ट्रिक्टा, एमूरा रोहितुका, अरेनिया डायडेमा, चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, ल्यूफा बिंडल, ओस्ट्रिया वर्जीनिका, ट्राइकोसैन्थेस डियोका, वाइटेक्स नेगुंडो ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	71
लाभान्वित रोगियों की संख्या	57

अवलोकन

निर्धारित औषधियों के समूह में से चिनिनम सल्फ्युरिकम, चिरैता, एरेनिया डायडेमा तथा मलेरिया आफिसिनालिस आदि होम्योपैथिक औषधियाँ अधिकतम प्रभावकारी पाई गई तथा लाभान्वित रोगियों में से 78.9 प्रतिशत रोगियों को इन औषधियों से लाभ पहुँचा ।

28. भ्रूणकाय की विकृत स्थिति

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

भ्रूणकाय की विकृत स्थिति को ठीक करने में पल्सैटिला निग्रा 200 की प्रभावकारिता का चिकित्सीय मूल्यांकन किया जाना ।

प्रसूति से संबंधित मामलों में होम्योपैथिक औषधियों विशेषकर पल्सैटिला निग्रा, को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है । पल्सैटिला निग्रा मुख्यतः महिला संबंधी औषधि है तथा भ्रूणकाय की असामान्य स्थिति को सही करनें में प्रभावकारी माना जाता है । इस विषय पर एक वैज्ञानिक अध्ययन करने हेतु परिषद् ने यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई, वाराणसी में शुरु की । यहाँ पर जितने भी रोगी आ रहे हैं सभी आधुनिक चिकित्सा के विशेषज्ञों अथवा सलाहकारों की सलाह पर आते हैं ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	35
औषधि	पल्सैटिला निग्रा 200
खुराक	गर्भावस्था के 28वें सप्ताह के बाद सप्ताह में दो खुराक
सुधार अनुक्रमणिका :	
– अनुक्रिया दिखी (लाभ दिखा)	10 रोगियों में
– अनुपस्थित	12
– कोई लाभ नहीं	13

अवलोकन

अध्ययन के दौरान पाया गया कि 35 में से 10 रोगियों में भ्रूणकाय की असामान्य स्थिति को सही करने में पल्सैटिला 200 प्रभावकारी रही है । पाए गए यह परिणाम उपयोगी हैं तथा इसके प्रयोग के लिए उपलब्ध संकेतों को पुष्ट करते हैं । इन परिणामों से यह दिशा भी मिलती है कि भ्रूणकाय की असामान्य स्थिति को शल्य चिकित्सा द्वारा सही करने के प्रयास से पहले होम्योपैथी द्वारा इस उपचार को भी परख लेना चाहिए । किंतु इन जाँचों के पहले इसके बारंबार सत्यापन की आवश्यकता है ।

29. अतिरज स्त्राव

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

अतिरज स्त्राव मं निम्नलिखित औषधियों की प्रभावकारिता :

फाईकस रेलिजियोसा, ईरिजरोन, जेरेनियम मेक्यूलेटम, लेडम पाल, थ्लैस्पी बर्सा पैस्टोरिस तथा ट्रिलियम पेंडुलम ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	46
निर्धारित औषधि	फाईलस रेलिजियोसा मदर टिंक्चर जेरेनियम मेक्यूलेटम मदर टिंक्चर
खुराक	15 दिनों तक 5 से 8 बूंद दिन में तीन बार तथा अगले तीन माह तक 15 दिनों के लिए इसी प्रकार सेवन करना ।

अवलोकन

अतिरज स्त्राव के लक्षणों एवं चिन्हों में सुधार लाने में फाईकस रेलिजियोसा तथा जेरेनियम मेक्यूलेटम जैसी निर्धारित औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई । इस वर्ष उपचार के दौरान 16 रोगियों के हिमाग्लोबिन स्तर में 1 ग्राम से 2 ग्राम प्रतिशत की वृद्धि भी हुई ।

30. माइक्रोफाइलेरेमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

माइक्रोफाइलेरेमिया में निम्नलिखित आठ होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव के अध्ययन के लिए होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान (हो.अ.स.), पुरी (उड़ीसा) के द्वारा पुरी जिला के बेलडल गाँव में जुलाई 94 में यह परियोजना शुरू की गई ।

के.हो.अ.प. द्वारा कोडेड औषधि, नैट्रम फ्लोरिकम, डी.ई.सी. (क्षमताबद्ध), ट्यूबरक्यूलाईनम, ड्रोसेरा, आर्सेनिक एल्बम, हाइड्रोकोटाइल मदर टिंक्चर 3 एक्स. तथा हाइड्रोकोटाइल 1 एम./10 एम. ।

अवलोकन

पहला चिकित्सीय परीक्षण माइक्रोफाइलेरेमिया के 22 मरीजों पर के.हो.अ.प. द्वारा कोडेड औषधि (30, 200, 1 एम.) के साथ किया गया तथा यह परीक्षण 06 माह तक चलता रहा । निम्न घनत्व वाले माइक्रोफाइलेरिया गणन के 03 रोगियों में थोड़ा सकारात्मक परिवर्तन हुआ । 1995–96 में, दो औषधियों – आर्सेनिक एलबम तथा ट्यूबरक्यूलाइनम को एल.एम. पोटैन्सी में प्रयुक्त कर रोगियों के दो समूहों पर प्रयुक्त किया गया तथा यह देखा गया कि सिर्फ 4.5 रोगियों में माइक्रोफाइलेरिया निगेटिव (निम्न घनत्व क्षेत्र में) हुआ, आर्सेनिक एल्बम वाले 9 प्रतिशत रोगियों में तथा ट्यूबरक्युलाईनम वाले 27.30 प्रतिशत रोगियों में माइक्रोफाइलेरिया गणना में कमी

आई । गत् वर्ष (1996–97) ड्रोसेरा की 200, 1 एम., तथा 10 एम. पोटैन्सी के साथ परीक्षण किया गया । माइक्रोफाइलेरिया घनत्व को कम करने में ड्रोसेरा 10 एम. प्रभावकारी प्रतीत हुआ । इस वर्ष भी इस अध्ययन को जारी रखा गया । जून 1997 में रोगियों को "ड्रोसेरा 50 एम." की एक खुराक दी गई । हालांकि परिसरीय परिकलन द्वारा माइक्रोफाइलेरिया का समाप्त होना स्पष्ट नहीं हुआ, फिर भी माइक्रोफाइलेरिया घनत्व लगातार एक निम्न स्तर पर प्रतीत हुआ । इसीलिए ड्रोसेरा की विभिन्न पोटैंसियों के साथ पिछले तीन वर्षों से चल रहा परीक्षण इस वर्ष इस निष्कर्ष के साथ समाप्त किया जा रहा है कि यद्यपि माइक्रोफाइलेरिया गणना को कम करने में ड्रोसेरा कुछ हद तक प्रभावकारी है तथापि परिसरीय रक्त से माइक्रोफाइलेरिया को पूर्णतः हटा पाने में यह सफल नहीं रही है तथा माइक्रोफाइलेरिया गणन को भी यह इतना कम नहीं कर सका कि रोग का संक्रमण रोका जा सके । हालांकि वास्तविकता यह है कि 1986 की तुलना में इस गाँव के लोगों का माइक्रोफाइलेरिया घनत्व बहुत कम हो चुका है । इस लंबी अवधि में, एकाध मामले को छोड़ कर इस गाँव की पूरी आबादी मात्र होम्योपैथिक उपचार पर निर्भर रही है (हो.अ.सं. क्षेत्रीय दौरा) । माइक्रोफाइलेरिया घनत्व में इस अंतर के वैज्ञानिक छानबीन की जरूरत है कि क्या यह उस क्षेत्र में एक विकासात्मक प्राकृतिक घटना है या यह होम्योपैथिक औषधियों के क्रमिक प्रभाव के कारण हैं ।

31. अस्थि संधिशोथ

अस्थि संधिशोथ के उपचार एवं रोकथाम में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुड़िवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में 1984 से तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पटियाला (पंजाब) में 1979 से एक अध्ययन जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	92	116
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	07	37
– मध्यम सुधार	16	53
– अल्प सुधार	54	25
अनुपस्थित	10	––
बीच में छोड़ दिया	03	––
उपचाराधीन	02	––
कोई सुधार नहीं	––	01

अवलोकन

उपचार के पश्चात् 90 रोगियों के जोड़ों की संवेदनशीलता वर्ग शून्य में पहुँच गयी । जबकि उपचार पूर्व यह वर्ग I से वर्ग III के बीच थी । जोड़ों के दर्द एवं अकड़न पर बहुत हद तक नियंत्रण (50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत) हुआ तथा कुछ रोगियों को कष्ट से पूर्णतः छुटकारा मिल गया तथा उनकी जिंदगी आरामदायक हो गई । 27 रोगियों के हिमोग्लोबिन स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि (.5 ग्राम प्रतिशत से 4.5 ग्राम प्रतिशत) देखने को मिली जिससे उनके सामान्य स्वास्थ्य में सुधार का संकेत मिला । एलर्जी संबंधी श्वसनी शोथ, दीर्घकालिक त्वचाशोथ, बवासीर आदि संबंधित रोग भी नियंत्रित हो गए । अन्य निर्धारित औषधियों के अतिरिक्त रहस टॉक्सीकोडेंड्रोन तथा ब्रायोनिया सबसे अधिक प्रभावकारी औषधियाँ रहीं ।

(ब) औषधोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

अस्थि संधिशोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

ब्रायोनिया, थूजा, कैल्केरिया कार्बोनिकम, फॉर्मिका रूफा, रहस टॉक्सिकोडेन्ड्रोन, विस्कम एल्बम, लाईकोपोडियम, ग्वैकम, कॉस्टिकम, वायोला ओडोरेटा, कैल्केरिया फ्लोरिकम तथा कैसिया सोफेरा ।

क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई, गुड़िवाढ़ा तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पटियाला में 1996–97 से यह अध्ययन शुरू किया गया ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	86	79
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ	11	25
– मध्यम सुधार	28	44
– अल्प सुधार	40	10
अनुपस्थित	05	—
बीच में छोड़ दिया	03	—
उपचाराधीन	01	—
कोई सुधार नहीं	01	—

अवलोकन

अस्थि संधिशोथ के 50 से 90 प्रतिशत रोगियों में आमाशयी अस्तव्यस्तता से संबंधित दर्द एवं अकड़पन को अच्छी तरह नियंत्रित किया जा चुका है किन्तु इसके लिए लंबे उपचार–अवधि की आवश्यकता होती है । रहस टॉक्सिकोडेन्ड्रोन तथा ब्रायोनिया एल्वा अच्छी औषधियाँ हैं । 23 रोगियों के हिमाग्लोबिन प्रतिशत में 1 से 3.2 ग्राम की उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा उनके सामान्य स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया । 74 ऐसे रोगियों, जिनके जोड़ों की संवेदनशीलता वर्ग से वर्ग III के बीच थी, के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तथा उनके जोड़ों की संवेदनशीलता वर्ग शून्य में पहुँच गई । कुछ औषधियों के विश्वसनीय संकेतों का सत्यापन हो चुका है परंतु अभी इनकी पुष्टि की आवश्यकता है ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

अस्थि संधिशोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

एक्टिया स्पाइकैटा, एंग्युस्चुरा वेरा, केलोफाइलम, फॉर्मिक रूफा, फॉर्मिक एसिड, गॉल्थेरिया, ग्वैकम, लिथियम कार्बोनिकम, मैग्नालिया ग्रैंडिफ्लोरा, मलेरिया ऑफिसिनालिस, रेडियम ब्रोमेटम, रैमनस, स्टेलैरिया मीडिया ।

भरमौर, भारूच, डांडेली, सिल्लीगुड़ी तथा जगदलपुर स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में यह परियोजना चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	170
लाभान्वित रोगियों की संख्या	58

अवलोकन

अस्थि संधिशोथ के लिए निर्धारित औषधियों के समूह में से रेडियम ब्रोमेटम सबसे अधिक प्रभावकारी पाई गई तथा लाभान्वित रोगियों में से 53.4 प्रतिशत रोगियों को इसी औषधि से फायदा हुआ ।

32. पैप्टिक अल्सर

पैप्टिक अल्सर में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

एसिटिक एसिड, एट्रोपिन, कंडुरेंगो, कोर्टिकोट्रोपिन, युफोर्बियम, हाइड्रोसाएनिक एसिड, सिम्फाईटम, यूरेनियम नाइट्रिकम ।

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई (आदिवासी), पांडिचेरी में चल रही है ।

अवलोकन

वर्ष 1998–99 के दौरान 85 रोगियों को अध्ययन हेतु दर्ज किया गया । इनमें से 20 रोगियों में निर्धारित औषधियों के समूह पर आधारित नुस्खों से मिल–जुला सुधार हुआ ।

33. प्रोस्टेट ग्रंथि में वृद्धि

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

प्रोस्टेट ग्रंथि के सूजन में प्रभावकारी औषधियों के एक समूह का पता चलाने हेतु परिषद् द्वारा होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर में 1996–97 से वैज्ञानिक पद्धति पर आधाररित एक अध्ययन शुरु किया गया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	22	27
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	08	10
– मध्यम सुधार	06	05
– अल्प सुधार	04	07
कोई सुधार नहीं	04	05

अवलोकन

लक्षणों एवं चिन्हों में होम्योपैथिक औषधियों से सुधार हुआ । थूजा, नक्स वोमिका, कोनियम, लाईकोपोडियम इत्यादि निर्धारित होम्योपैथिक औषधियों के अतिरिक्त मदर टिंचर युक्त सेबल सेरूलेटा को भी दिन में दो या तीन बार लेने की सलाह दी गई तथा यह प्रभावकारी पाई गई । ये परिणाम उत्साहवर्द्धक हैं ।

34. गुर्दा पथरी

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

चिकित्सा अनुसंधान इकाई, इम्फाल में 1987 से यह परियोजना जारी है ।

अवलोकन

वर्ष 1998–99 में 15 नए रोगियों का नाम दर्ज किया गया । इनमें से 9 रोगियों को अत्यंत सुधार पहुँचा तथा 6 रोगियों में अल्प सुधार हुआ । 06 पुराने रोगियों को रक्तमेह, मूत्रोत्सर्जन में जलन तथा दर्द की अवधियों में सुधार हुआ । इन लक्षणों को नियंत्रित करने में गिनी–चुनी औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई हैं तथा पिछले वर्षों में भी ये औषधियाँ फलदायक रही हैं किन्तु इनका और सत्यापन किया जा रहा है ।

35. आमवातिक संधिशोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

चिकित्सा अनुसंधान इकाई, उडूपि में 1988–89 से इस परियोजना पर अध्ययन किया जा रहा है ।

अवलोकन

वर्ष 1998–99 के दौरान आमवातिक संधिशोथ के 15 रोगियों को अध्ययन के लिए दर्ज किया गया । इनमें से 08 रोगियों में अति सुधार, 04 रोगियों में मध्यम सुधार तथा 03 रोगियों में अल्प सुधार हुआ । निर्धारित होम्योपैथिक औषधियों से दर्द, जोड़ों में सूजन, अरूचि आदि लक्षणों में ही नहीं अपितु संवेदनशीलता, प्रातःकालीन अकड़न, वजन में कमी, बुखार आदि चिन्हों में भी सुधार हुआ । अमीबिया तथा ई.एस.आर. वृद्धि के लिए किए गए रोगजनक परीक्षणों में भी सुधार पाया गया ।

36. नासाशोथ

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

नासाशोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

एनिमोप्सिस कैलिफोर्निका, एंथिमिस नोबिलिस, आरम म्युरियाटिकम, जस्टीशिया एधाटोडा, लेम्ना माईनर, मैन्थेल, क्विलिया सैपोनेरिया, सेंग्वीनेरिया नाइट्रिका, साइनेपिस नाईग्रा, थेरिडियोन ।

यह परियोजना शिलांग, जगदलपुर तथा भारूच स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	174
लाभान्वित रोगियों की संख्या	124

अवलोकन

इस वर्ष अध्ययन के लिए दर्ज किए गए 174 रोगियों में से 124 रोगियों को निर्धारित होम्योपैथिक औषधियों से लाभ हुआ । इनमें से लेम्ना माईनर, एंथिमिस नोबिलिस, जस्टीशिया एधाटोडा, क्विलिया तथा संग्वीनेरिया नाईट्रिका सबसे ज्यादा प्रभावकारी रहीं तथा लाभान्वित रोगियों में से 95 प्रतिशत रोगियों को इन्हीं औषधियों से लाभ पहुँचा ।

37. सिक्कल सैल अनीमिया

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

सिक्कल सैल अनीमिया में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का पता चलाने के लिए परिषद् ने 1987–88 में उड़ीसा के संबलपुर जनजातीय क्षेत्र मं स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाई में वैज्ञानिक स्तर पर एक व्यवस्थित अध्ययन शुरू किया । संबलपुर क्षेत्र के आदिवासियों में सिक्कल सैल बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं ।

यह अध्ययन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर किया जा रहा है :

1. सर्वेक्षण : संबलपुर क्षेत्र के आसपास के सभी ग्रामों का सर्वेक्षण कर रोग से पीड़ित परिवारों के यहाँ से रक्त का संग्रह करना तथा विवरण तैयार करना ।
2. उपचारार्थ : इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों का अनुमोदित अनुसंधान परिपत्र के अंतर्गत होम्योपैथिक औषधियों से लाक्षणिक उपचार करना ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	65	183
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	—	24
– मध्यम सुधार	07	48
– अल्प सुधार	21	73
कोई सुधार नहीं	20	35
अनुपस्थित	17	—
उपचाराधीन	—	13

अवलोकन

यह देखा गया है कि ब्रायोनिया 30, 200, 1 एम., रहस टॉक्स. 200, 1 एम., मैग्नेसिया फॉस्फोरस 30, 200, लाईकोपोडियम 30, 200, कैल्केरिया कार्बोनिकम 30, 200, 1 एम., नैट्रम म्युरियाटिकम 30, 200, वैनेडियम 30, 200, चेल्डिोनियम 30, ट्यूबरकुलिनम 200 आदि हमारी औषधियाँ इस रोग को नियंत्रित करने में इस हद तक सक्षम हैं कि रोगी कई वर्षों तक लक्षणरहित रहते हैं ।

7 वर्षों से इलाज करवा रहे 145 रोगियों में से 03 रोगियों में 4.5 वर्ष से 7 वर्षों तक लक्षणों का पुनर्प्रकटीकरण नहीं हुआ, 26 रोगियों में 2 वर्ष से 4 वर्ष तक लक्षण नहीं दिखे तथा 25 रोगियों में 1 से 2 वर्ष तक लक्षण फिर से प्रकट नहीं हुए ।

19 रोगियों ने होम्योपैथिक उपचार से पूर्व रक्त–संचरण करवाया था । होम्योपैथिक उपचार शुरू करने पर इनमें से मात्र 07 रोगियों को फिर से रक्त–संचरण की आवश्यकता पड़ी (63 प्रतिशत सुधार) तथा 12 रोगियों को फिर से रक्त–संचरण की कोई आवश्यकता नहीं हुई । देखा गया कि जिन रोगियों में सुधार हुआ उन्हें अपनी शिकायतों के लिए सिनोथस क्यू तथा कलमेघ क्यू जैसी कम तीव्र औषधियों की आवश्यकता हुई ।

38. साइनुसाइटिस

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

साइनुसाइटिस से होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए परिषद् ने चिकित्सा अनुसंधान इकाई, शिमला में 1985 से तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, चेन्नई में 1987 से यह परियोजना शुरू की है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	70	34
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ आरोग्यता	08	03
– अति सुधार	04	—
– मध्यम सुधार	10	06
– अल्प सुधार	02	10
असूचित (अनुपस्थित)	04	15
उपचाराधीन	40	—
कोई सुधार नहीं	01	—
उपचार छोड़ दिया	01	—

अवलोकन

70 नए तथा 34 पुराने रोगियों में से क्रमशः आठ (08) एवं तीन (03) रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं । विभिन्न पोटैंसियों में बैलाडोना, कैल्केरिया कार्बोनिकम, नैट्रम म्युरियाटिकम, लाईकोपोडियम, पल्सैटिला तथा सिलिसिया आदि औषधियाँ प्रभावकारी पाई गई । इनसे रोगियों में सुधार हुआ तथा कुछ मामलों में लक्षणों एवं चिन्हों को दूर करने में भी ये औषधियाँ सहायक सिद्ध हुई । बाद के प्रकोपों की बारंबारता तथा तीव्रता भी कम हुई । नए तथा पुराने दोनों की प्रकार के रोगियों में से 11 रोगियों में रोग के लक्षणों का कोई पुनर्प्रकटीकरण नहीं हुआ ।

39. त्वचा रोग

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

एलर्जिक चर्मशोथ, सोरिएसिस, जूलपित्ती आदि विभिन्न त्वचा रोगों में अत्याधिक प्रभावी औषधियों के एक समूह का पता लगाने के लिए परिषद् ने चिकित्सा अनुसंधान इकाई, बहादुरगढ़ में 1982 से तथा चिकित्सा अनुसंधान इकाई, पटियाला से 1985 से अनुसंधान अध्ययन शुरू किया ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	110	10
सुधार अनुक्रमणिका :		
– अति सुधार	47	05
– मध्यम सुधार	27	05
– अल्प सुधार	20	––
कोई सुधार नहीं	08	––
उपचाराधीन	04	––
उपचार छोड़ दिया	04	––

अवलोकन

अध्ययन के दौरान जूलपित्ती के 33 रोगियों में से 13 रोगियों में रोग के लक्षण प्रकट नहीं हुए तथा 17 रोगियों में कम तीव्रता के साथ लक्षण प्रकट नहीं हुए । संपर्क चर्मशोथ के रागियों में से उपचार के पश्चात् 07 रोगियों में 2 साल से अधिक तक लक्षण प्रकट नहीं हुए तथा 15 रोगियों में फिर से परीक्षण करने पर पोजिटिव धब्बे निगेटिव पाये गए । चर्मशोथों, प्रकाशीय त्वचा शोथ, संक्रमित त्वचा शोथ, सिर–त्वचा शोथ आदि के विभिन्न प्रकारों में भी होम्योपैथिक औषधियाँ प्रभावकारी पाई गईं ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

त्वचा शोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

एल्लस, एंथ्राकोकली, अरब्युटस एंड्राक्ने, आर्सेनिकम आयोडेटम, बर्बेरिस एक्विफोलियम, यूफोर्बियम, हाइग्रोफिला स्पाईनोसा, लोडोथाइरीन, काली आर्सेनिकम, मर्क्युरियस डयूल्सिस, ओलिएंडर, स्कूकम चुक तथा स्ट्राइनिनम आर्सेनिकम ।

यह परियोजना ऐज़वल, जगदलपुर, भरमौर, ईटानगर, राँची, सेलम, सिलिगुड़ी तथा डिफू स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में जारी है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	445
लाभान्वित रोगियों की संख्या	267

अवलोकन

इस वर्ष 60 प्रतिशत रोगियों को निर्धारित औषधियों से लाभ पहुँचा । सबसे अधिक प्रभावकारी औषधियों में आर्सेनिकम आयोडेटम, एंथ्राकोकली, बर्बेरिस एक्विफोलियम, काली आर्सेनिकम, हाइग्रोफिला स्पिनोसा तथा स्कूकम चुक थी । इन औषधियों से लाभान्वित रोगियों में से लगभग 50 प्रतिशत को लाभ पहुँचा ।

40. तुण्डिका शोथ

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

तुण्डिकाशोथ में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावकारिता का अध्ययन करने हेतु परिषद् ने चिकित्सा अनुसंधान इकाई, बहादुरगढ़ में 1982 से, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, शिमला में 1979 से, चिकित्सा अनुसंधान इकाई, चेन्नई में 1987 से तथा चिकित्सा अनुसंधान व महामारी सैल, भोपाल में एक अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	89	30
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ (आरोग्यता)	05	04
– अति सुधार	13	06
– मध्यम सुधार	18	05
– अल्प सुधार	06	15
कोई सुधार नहीं	01	––
अनुपस्थित	08	––
उपचाराधीन	38	––

अवलोकन

वर्ष 1998–99 में दर्ज किए गए, तीव्र तुण्डिकाशोथ के 05 रोगी उपचार के 07 से 30 दिनों के अंदर ही स्वस्थ हो गए तथा दीर्घकालिक तुण्डिकाशोथ के 25 रोगियों में उपचार के 1 माह से 6 माह तक में सुधार हुआ । उपचार के पश्चात् रोग बारंबारता, अवधि तथा तीक्ष्णता में कमी देखी गई । इस रोग के तीव्र प्रकोपों को नियंत्रित करने में बैलाडोना तथा मर्क्युरियस सोल्युबिलिस प्रभावकारी पाई गईं ।

(ख) आदिवासी क्षेत्रों में

तुण्डिका शोथ में निम्नलिखित औषधियों का चिकित्सीय मूल्यांकन :

एलेंथस, एमिग्डेलस एमारा, एपिस मेलिफिका, कैंथरिस, एसिनेसिया, ग्वैकम, ग्म्नोक्लेडस, स्ट्रेप्टोकोसीन, ट्यूबरक्यूलिनम ।

यह परियोजना ऐज़वल, इदुक्की तथा शिलांग स्थित चिकित्सा अनुसंधान इकाइयों (आदिवासी) में चल रहीं है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

रोगियों की संख्या	191
लाभान्वित रोगियों की संख्या	136

अवलोकन

इस वर्ष निर्धारित औषधियों में ट्यूबरक्युलिनम, एलान्थस, ग्वैकम, कैन्थरिस तथा एपिस मेलिफिका अत्याधिक प्रभावकारी पाई गई । लाभान्वित रोगियों में से लगभग 70 प्रतिशत को इन औषधियों से लाभ पहुँचा ।

41. विटिलिगो

(क) सामान्य क्षेत्रों में

(अ) रोगोन्मुखी चिकित्सा अनुसंधान

विटिलिगो में आर्सेनिक सल्फ्यूरिकम फ्लेवम की प्रभावकारिता का चिकित्सीय मूल्यांकन :

यह परियोजना चिकित्सा अनुसंधान इकाई, तिरूपति में अप्रैल 1987 से चल रही है ।

वर्ष 1998–99 के दौरान उपलब्धियाँ

	नये	पुराने
रोगियों की संख्या	62	74
पौटेंसी 30, 200, 1 एम., 10 एम., 50 एम., सी.एम.		
सुधार अनुक्रमणिका :		
– स्वस्थ	03	14
– अति सुधार	08	22
– मध्यम सुधार	11	15
– अल्प सुधार	17	12
कोई सुधार नहीं	04	09
उपचाराधीन	19	—
बदतर	—	02

अवलोकन

